संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-321 रविवार,22 सितम्बर 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# दिल्ली की मुख्यमंत्री बनी आतिशी

## मुकेश अहलावत समेत पांच मंत्रियों ने भी ली शपथ...



**नई दिल्ली,21 सितम्बर 2024 (ए)।** आम आदमी पार्टी की तेजतर्रार महिला नेता और सरकार में सबसे अधिक विभागों की जिम्मेदारी निभाने वाली अतिशी ने आज मुख्यमंत्री पद की शपथ ली. राजनिवास में उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने आतिशी को मुख्यमंत्री के पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई. साथ ही राष्ट्रपति से स्वीकृत पांच विधायक गोपाल राय, कैलाश गहलोत, सौरभ भारद्वाज, इमरान हुसैन और मुकेश अहलावत को भी शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह सादे ढंग से संपन्न हुआ. इसमें दिल्ली सरकार के सचिव स्तर के अधिकारी ही शामिल हुए।

दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में आतिशी के शपथ ग्रहण की स्वीकृति संबंधित अधिसूचना जारी हुई थी। साथ ही अरविंद केजरीवाल का इस्तीफा भी राष्ट्रपति द्वारा स्वीकार कर लिया गया. अरविंद केजरीवाल ने जिन परिस्थितियों में मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया इससे पार्टी के कार्यकर्ता उत्साहित नहीं हैं। इसलिए आतिशी के मुख्यमंत्री बनने पर आम आदमी पार्टी की तरफ से कोई जश्न नहीं मनाया जाएगा।

### दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री बनीं आतिशी

आज शनिवार को पूर्व निर्धारित समय पर शाम 4:30 बजे आतिशी अपने मंत्रियों के साथ राजनिवास पहुंची और वहां पर उन्होंने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली. आतिशी दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री बन गई है. इससे पहले कांग्रेस से शीला दीक्षित लगातार 15 वर्षों तक दिल्ली की मुख्यमंत्री रही. उनसे पहले बीजेपी की तेजतर्रार नेता सुषमा स्वराज दिल्ली की मुख्यमंत्री रह चुकी हैं।

### राजनिवास में उपराज्यपाल ने इन्हें दिलाई शपथ

आतिशी: मुख्यमंत्री
गोपाल राय: कैबिनेट मंत्री
कैलाश गहलोत: कैबिनेट मंत्री
सौरभ भारद्वाज: कैबिनेट मंत्री
इमरान हुसैन: कैबिनेट मंत्री
मुकेश अहलावत: कैबिनेट मंत्री

### सबसे अधिक विभागों वाली मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री बनने से पहले अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली सरकार में अतिशी सबसे अधिक विभागों वाली मंत्री थी। अभी उनके पास वित्त, राजस्व, योजना, महिला और बाल विकास, शिक्षा, उच्च शिक्षा, पर्यटन, कला व संस्कृति और भाषा, लोक निर्माण विभाग, बिजली, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, सेवा और सतर्कता विभाग की जिम्मेदारी थी। मुख्यमंत्री बनने के बाद भी चर्चा है कि वह इन सभी विभागों को खुद संभालेंगी।

कैबिनेट में नए मंत्री मुकेश अहलावत के शामिल होने के मायने मुख्यमंत्री बनी आतिशी के कैबिनेट में यूं तो सभी मंत्री पुराने हैं, लेकिन एक नया नाम मुकेश अहलावत के रूप में जुड़ा है. इसके पीछे आम आदमी पार्टी की रणनीति भी साफ दिखाई देती है. मुकेश अहलावत दलित कोटे से कैबिनेट से शामिल हुए हैं.

### डेढ़ साल में मंत्री से मुख्यमंत्री बनी आतिशी

दिल्ली शराब घोटाले में गिरफ्तार मनीष सिसोदिया और उससे पहले मनी लांड्रिंग के मामले में तिहाड़ जेल में बंद सत्येंद्र जैन के इस्तीफा के बाद गत वर्ष अरविंद केजरीवाल ने अपने कैबिनेट में दो मंत्रियों को शामिल किया था. जिसमें आतिशी और सौरभ भारद्वाज थे. मार्च 2023 में आतिशी मंत्री बनी थी. राजनिवास में ही उपराज्यपाल ने उन्हें मंत्री पद की शपथ दिलाई थी. आज यह दूसरा मौका था जब उपराज्यपाल ने आतिशी को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई.

### पार्टी कार्यकर्ताओं से जश्न नहीं मनाने की अपील

जिस दिन आतिशी का मुख्यमंत्री बनना तय हुआ था, वह विधायक दल की नेता चुनी गई थीं, उसी दिन आतिशी ने सभी कार्यकर्ता व अन्य लोगों से अपील की थी कि वह उन्हें मुख्यमंत्री बनने के लिए बधाई ना दें, ना ही माला पहनाए. उन्होंन कहा कि उन्हें इस बात से दुख है कि अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया है।

### दिल्ली विधानसभा का सत्र

नई मुख्यमंत्री बनने के बाद आतिशी विधानसभा में अपना बहुमत साबित करेगी. दिल्ली विधानसभा का सत्र 8 अक्टूबर से पहले हर हाल में बुलाना है. पिछले दिनों दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने कहा था कि नई मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण करने के बाद सत्र कभी भी बुलाया जा सकता है. सरकार द्वारा दो दिन के लिए सत्र बुलाए जाने पर भी विपक्ष में बैठी भाजपा ने एतराज जताया है. विधानसभा में नेता विपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को ही विधानसभा अध्यक्ष से मिलकर मांग की है कि विधानसभा का सत्र कम से कम सात दिनों के लिए बुलाया जाए और उसमें प्रश्नकाल भी रखा जाए. ताकि दिल्ली की जनता के मुद्दों पर चर्चा हो सके.



# तिरुपति लड्डू विवाद के बीच राजस्थान सरकार का बड़ा फैसला

### राज्य के सभी बड़े मंदिरों में होगी प्रसाद की जांच

**जयपुर,21 सितम्बर 2024(ए)।** तिरुपति बालाजी ( मंदिर के प्रसाद में मिलावट को लेकर चल रहे विवाद के बीच अब राजस्थान से बड़ी खबर सामने आई है। राजस्थान सरकार ने राज्य के बड़े मंदिरों के प्रसाद की जांच करने के आदेश दिए हैं। इस आदेश के तहत राजस्थान में बड़े मंदिरों के प्रसाद की जांच की जाएगी। सरकार के आदेशानुसार 23 से 26 सितंबर के बीच ये जांच पूरी की जानी है। बता दें कि 14 मंदिरों के पास सर्टिफिकेट है। ऐसे में आदेश के बाद अब बड़े मंदिरों के प्रसाद की जांच का अभियान शुरू किया जाएगा। दुनिया के सबसे धनवान मंदिरों में से एक तिरुपति बालाजी मंदिर में प्रसाद के रूप में भक्तों को दिए जाने वाले लड्डुओं में जानवरों की चर्बी और फिश ऑयल होने की पुष्टि हुई है। इस खुलासे के बाद पूरे देश में हर कोई सन्न है। तिरुपति बालाजी मंदिर के एक्जीक्यूटिव ऑफिसर शामला राव ने भी माना है कि मंदिर की पवित्रता भंग हुई है। शामला राव ने आरोप लगाया कि पिछली सरकार ने मिलावट की जांच के लिए कोई कदम नहीं उठाए थे। उन्होंने कहा कि प्रसाद में मिलावटी घी की एक बड़ी वजह उसका रेट भी है।

# एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह होंगे भारतीय वायुसेना के अगले प्रमुख



**नई दिल्ली,21 सितम्बर 2024(ए)।** एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह भारतीय वायुसेना के अगले प्रमुख बनने जा रहे हैं, जो 30 सितंबर 2024 को एयर चीफ मार्शल विवेक राम चौधरी की जगह संभालेंगे जिम्मेदारी।

# पत्रकारों पर एफआईआर दर्ज करने को लेकर बोले अखिलेश



### वाह क्या खूब है उप्र भाजपा सरकार

**लखनऊ,21 सितम्बर 2024 (ए)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर टिप्पणी करने पर यूपी पुलिस ने पत्रकार अभिषेक उपाध्याय और ममता त्रिपाठी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। शुक्रवार को दोनों पत्रकारों ने उत्तर प्रदेश के तमाम महकमों में बड़े पदों पर बैठे अधिकारियों की जातियों के बारे में लिखा था कि कैसे योगी आदित्यनाथ ने सभी पदों पर ठाकुरों को लगाया हुआ है, इसी की वजह से आज दोनों पत्रकारों के विरुद्ध संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है. अब इस मामले में अखिलेश यादव ने सरकार पर निशाना साधा है। अखिलेश ने एक्स पर लिखा है कि 'वाह क्या खूब है उप्र भाजपा सरकार, सच के ख़िलाफ़ झूठी एफ़आईआर!'. उन्होंने सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि सच्चाई लिखने पर झूठी एफआईआर कराई जा रही है।

# जम्मू-कश्मीर में शाह ने किया ऐलान, इस त्योहार पर 2 सिलेंडर मिलेंगे मुफ्त

**जम्मू-कश्मीर,21 सितम्बर 2024 (ए)।** जम्मू-कश्मीर में पहले चरण का चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हो चुका है और दूसरे चरण के मतदान की तैयारी जोरों पर है। शनिवार, 21 सितंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दूसरे चरण के चुनाव के लिए मेंढर में एक रैली को संबोधित किया। शाह ने अपने भाषण में अब्दुल्ला, मुफ्ती और नेहरू-गांधी परिवारों पर निशाना साधते हुए कहा कि इन परिवारों ने दशकों से जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद और अस्थिरता को बढ़ावा दिया है, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने आतंकवाद को समाप्त करने और युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने का काम किया है।

तीन परिवारों का युग खत्म होने वाला है शाह ने कहा, ÷यह चुनाव जम्मू-कश्मीर में अब्दुल्ला, मुफ्ती और नेहरू-गांधी परिवारों के लंबे समय से चले आ रहे शासन को खत्म करेगा। इन परिवारों ने वर्षों तक घाटी में लोकतंत्र को दबाकर रखा। अगर 2014 में मोदी सरकार नहीं आती, तो पंचायत, ब्लॉक और जिला



स्तर के चुनाव नहीं होते। शाह ने जनता से अपील की कि वे भाजपा को समर्थन दें ताकि राज्य में स्थिरता और विकास की नई लहर आ सके।

### गुर्जर, बकरवाल और पहाड़ियों को आरक्षण की सौगात

अमित शाह ने अपने भाषण में जम्मू-कश्मीर के गुर्जर, बकरवाल और पहाड़ी समुदायों के लिए आरक्षण का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा, मोदी सरकार ने इन समुदायों को आरक्षण देकर उन्हें न्याय दिलाया है। फारूक अब्दुल्ला की पार्टी ने इसका विरोध किया था, लेकिन भाजपा ने अपना वादा निभाया और पहाड़ियों को भी आरक्षण दिया। शाह ने कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस पर निशाना साधते हुए कहा कि ये पार्टियां आरक्षण खत्म करना चाहती हैं, जबकि भाजपा इन समुदायों को प्रमोशन में भी आरक्षण देने का वादा करती है।

### युवाओं के हाथ में पत्थर नहीं, लैपटॉप

शाह ने जम्मू-कश्मीर के युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने युवाओं के हाथ से पत्थर छीनकर उन्हें लैपटॉप और तकनीक से जोड़ा है, जिससे उनका भविष्य सुरक्षित हो सके। उन्होंने फारूक अब्दुल्ला पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जब घाटी में आतंकवाद फैल रहा था, तब अब्दुल्ला लंदन में छुट्टियां मना रहे थे।

### 2 मुफ्त सिलेंडर की सौगात

शाह ने जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए भाजपा की योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने घोषणा की कि राज्य की महिलाओं को 18 हजार रुपये सीधे उनके बैंक खातों में दिए जाएंगे, ईद पर 2 सिलेंडर मुफ्त मिलेंगे, और 500 यूनिट तक बिजली मुफ्त दी जाएगी।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने माओवादी हिंसा के पीड़ितों से की मुलाकात



**रायपुर/दिल्ली,21 सितम्बर 2024 (ए)।** राष्ट्रपति भवन में आज का दिन बस्तर के नक्सल पीड़ितों के लिए उम्मीदों भरा था। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बस्तर क्षेत्र से आए 70 लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की संवेदनशील पहल के तहत, अपनी पीड़ा को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने पहुंचा। उनके चेहरे पर वर्षों से झेले गए अत्याचार की छाप थी, लेकिन उनकी आंखों में अब उम्मीद की किरण भी नजर आ रही थी। राष्ट्रपति से मुलाकात का उद्देश्य साफ था – नक्सली हिंसा से प्रभावित लोगों की समस्याओं को देश की सर्वोच्च शक्ति के सामने रखना और बस्तर को माओवाद के आतंक से मुक्त कराने की अपील करना। मुलाकात के दौरान पीड़ितों ने बताया कि कैसे माओवादी हमलों ने उनके जीवन को तबाह कर दिया है।

प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति को अवगत कराया कि पिछले चार दशकों से बस्तरवासी माओवादी आतंक का दंश झेल रहे हैं। माओवादी हमलों में हजारों लोग अपनी जान गंवा चुके हैं और सैकड़ों लोग अपंग हो चुके हैं। बारूदी सुरंगों और बम विस्फोटों ने उनके जीवन को तहस-नहस कर दिया है। विस्फोटों से न केवल शरीर को नुकसान पहुंचा है, बल्कि मानसिक रूप से भी वे पूरी तरह टूट चुके हैं। प्रतिनिधियों ने बताया कि माओवादियों ने उनके घर, जमीन और संस्कृति को भी बर्बाद कर दिया है। बस्तर में 8,000 से अधिक लोग पिछले ढाई दशकों में माओवादी हिंसा के शिकार हुए हैं। आज भी कई लोग नक्सलियों के डर के साये में जीने को मजबूर हैं। जहां देश के अन्य हिस्सों में लोग स्वतंत्रता का आनंद ले रहे हैं, वहीं बस्तर के लोग अपनी जमीन और अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं।

# बडगाम में खाई में गिरी बस,4 जवान शहीद

### चुनाव ड्यूटी के लिए ले जा रही बस के खाई में गिर जाने से 4 बीएसएफ जवानों की जान चली गई

**नई दिल्ली,21 सितम्बर 2024(ए)।** जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में चुनाव ड्यूटी के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों को ले जा रही एक बस शुक्रवार, 20 सितंबर को दुर्घटना का शिकार हो गई थी।

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए चुनाव ड्यूटी पर 36 बीएसएफ जवानों को ले जा रही बस बडगाम जिले के वतरहाल के ब्रेल के पास खाई में गिर गई। जिसमें सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के चार जवान शहीद हो गए तथा 28 अन्य घायल हो गए।

दुर्घटना में बस पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घायल जवानों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज जारी है। इस घटना को लेकर



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, जम्मू-कश्मीर के बडगाम में भयानक त्रासदी के बारे में सुनकर बेहद दुख हुआ, जहां चुनाव ड्यूटी के लिए ले जा रही बस के खाई में गिर जाने से 4 बीएसएफ जवानों की जान चली गई और लगभग 28 जवान घायल हो गए। बहादुरों के परिवारों के प्रति हमारी हार्दिक संवेदना। उन्हें इस अपूरणीय क्षति से उबरने की शक्ति मिले। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं घायलों के साथ हैं, हम उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं।

वहीं घटना पर दुख जताते हुए जम्मू-कश्मीर पुलिस के महानिदेशक आरआर स्वैन ने कहा, हम इन समर्पित सैनिकों के नुकसान पर शोक व्यक्त करते हैं, जिन्होंने देश की अथक सेवा की। हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं और उन्हें जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा सभी आवश्यक सहायता और सहयोग का भरोसा देते हैं।

# मंदिर के बाहर सो रहे साधु दंपत्ति को कार ने रौंदा,दोनों की मौत

**कानपुर,21 सितम्बर 2024(ए)।** कानपुर के परमट इलाके में आनंदेश्वर मंदिर के बाहर सो रहे बुजुर्ग साधु दंपती को कार ने कुचल दिया। हादसे में दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं कार चालक मौके से फरार हो गया। मंदिर आए लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही आनन-फानन में पुलिस मौके पर पहुंची। जिसके बाद शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस प्रत्यक्षदर्शियों और घटनास्थल के आसपास मौजूद सीसीटीवी कैमरों की जांच कर घटना के बारे में और अधिक साक्ष्य जुटाने की कोशिश कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में जांच के बाद ही कुछ भी विस्तार से बताया जा सकेगा। आस पास के लोगों की मानें तो दंपती मंदिर के आसपास के इलाके में भिक्षा मांग कर अपना भरण-पोषण करते थे। दिन भर



भिक्षा मांगने के बाद रात में मंदिर के पास आकर सो जाते थे। इस हिट एंड रन की घटना के समय भी दंपती सड़क पर आराम कर रहे थे। इस मामले में कानपुर के पुलिस उपायुक्त ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि थाना ग्वाल टोली के अंतर्गत परमट चौकी क्षेत्र में एक अज्ञात दंपती का शव मिला है। इस मामले में एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया है कि दंपती पर एक अज्ञात वाहन के चढ़ जाने की वजह से उनकी मृत्यु हो गई।

# बाबा बागेश्वर ने कहा दोषियों को फांसी हो,तिरुपति लड्डू विवाद

**दिल्ली,21 सितम्बर 2024(ए)।** तिरुपति मंदिर प्रसादम विवाद पर बागेश्वरधाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने इसे सनातनियों के खिलाफ एक षड्यंत्र करार दिया और कहा कि भारत के सनातनियों का धर्म भ्रष्ट करने की पूर्ण रूप से तैयारी की गई है।

धीरेंद्र शास्त्री ने आंध्र प्रदेश सरकार से सख्त से सख्त कानून बनाने और दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग की। उन्होंने कहा है कि दक्षिण भारत में तिरुपति बालाजी के प्रसाद में चर्बी के घी का लड्डू का प्रसाद वितरण किया गया था। अगर यह जानकारी सत्य है, तो यह बहुत बड़ा अपराध है, निश्चित रूप से भारत के सनातनियों के खिलाफ सुनियोजित तरीके से षड्यंत्र किया गया है। इस प्रकार का कृत्य करके भारत के सनातनियों का धर्म भ्रष्ट करने की पूर्ण रूप से तैयारी की गई है। हम तो चाहेंगे कि वहां की



सरकार सख्त से सख्त कानून बनाकर दोषियों को फांसी की सजा दे। अगर भगवान के प्रसाद में चर्बी का प्रयोग किया गया या मछली के तेल का प्रयोग किया गया है तो इससे बड़ा वर्तमान में भारत में कोई दूसरा दुर्भाग्य नहीं हो सकता है।

धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने आगे कहा कि इस मामले की बारीकी से जांच होनी चाहिए और मैं सरकार से कहूंगा कि शीघ्र से शीघ्र हिंदुओं के मंदिरों को हिंदू बोर्ड के अधीन कर दें। ताकि किसी भी सनातनी की आस्था को ठेस ना पहुंचे, यह सुनकर के मेरा मन बहुती दुखी है। मैं चाहूंगा कि जितने भी तीर्थ स्थल हैं वहां पर बारीकी से सभी सनातनी जांच करवाए। इस प्रकार की घटना दोबारा न हो, इसके लिए सभी एकजुट होकर तैयार रहें और अब मंदिरों को सनातनियों के ही अधीन कर देना चाहिए वर्ना इससे ऐसी स्थितियां निर्मित होती रहेंगी। बता दें कि आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर के लड्डूओं में फिश ऑयल और जानवरों की चर्बी मिलाने की पुष्टि हुई थी। राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) की रिपोर्ट के मुताबिक, तिरुपति मंदिर में लड्डुओं का प्रसाद तैयार किया जाता है, उसमें जानवरों की चर्बी और मछली का तेल मिला है। ये सब कुछ उस घी में मिला है,जिससे लड्डू तैयार किया जाता है।

## संपादकीय

### मुठभेड़ों पर हुई आलोचनात्मक टिप्पणियां

यूपी में एनकाउंटर कोई नई घटना नहीं है। पहले भी कुछ मौकों पर विपक्ष ने मुठभेड़ों पर सवाल उठाए हैं। यहां तक कि न्यायपालिका ने आलोचनात्मक टिप्पणियां की हैं। लेकिन आम तजुर्बा है कि यूपी सरकार पर कोई असर नहीं होता।उत्तर प्रदेश में एनकाउंटर (जिनके बारे में आरोप है कि उनमें ज्यादातर फर्जी होते हैं) और बुल्डोजर राज इतना आम फहम हो गया है कि उनसे कानून के राज के ध्वस्त होने को लेकर आशंकाएं गहराती चली गई हैं। देखा गया है कि मोटे तौर पर ऐसी कार्रवाइयों के निशाने पर अल्पसंख्यक समुदाय के लोग होते हैं। चूंकि उनसे सहानुभूति जताना आज राजनीतिक रूप से घाटे का सौदा माना जाता है, इसलिए उनसे जुड़ी घटनाओं पर सियासी दायरे में कोई बड़ा शोरगुल नहीं होता। इसको लेकर सवाल तभी उठते हैं, जब इनका निशाना राजनीतिक रूप से किसी रसूखदार समुदाय का व्यक्ति बने।ऐसे ही सवाल अभी उत्तर प्रदेश में गर्म हैं। राज्य के सुल्तानपुर जिले में 28 अगस्त को एक गहने की दुकान में डकैती हुई, जिसमें करीब दो करोड़ रुपये के कीमती सामान लूट लिए गए। पुलिस ने धर-पकड़ शुरू की।छह दिन बाद एक मुठभेड़ में तीन लोगों को घायल कर गिरफ्तार कर लिया। अगले दिन यानी चार सितंबर को एक व्यक्ति ने अदालत में समर्पण कर दिया।छह सितंबर को यूपी की स्पेशल टास्क फोर्स ने मंगेश यादव नाम के एक अभियुक्त को मुठभेड़ में मार गिराया। मंगेश के परिजनों का आरोप है कि दो दिन पहले उसे एसटीएफ वाले पूछताछ के लिए घर से उठा ले गए थे और फिर मुठभेड़ में उसके मारे जाने की खबर आई। परिजनों का आरोप है कि यह एनकाउंटर नहीं बल्कि हत्या है। उसके बाद से राज्य में एनकाउंटर को लेकर सियासी घमासान मचा हुआ है।पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के अलावा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी इस मामले में राज्य की योगी सरकार पर निशाना साधा है।

# बैगा परिवारों की बदल रही तस्वीर और तकदीर



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विशेष रूप से पिछड़ी जनजातियों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए संचालित पीएम जनमन योजना (प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान) के चलते छत्तीसगढ़ राज्य के अति पिछड़े जनजातीय समुदाय तकदीर और इनकी बसाहटों की तस्वीर तेजी से बदलने लगी है। विशेष पिछड़ी जनजातियों के रहवासी क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का तेजी से विकास होने लगा है। बरसों-बरस से आवास, स्वच्छ पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित इन जनजातीय समूहों को अब मिशन मोड में यह बुनियादी सुविधाएं सुभल होने लगी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पीएम जनमन योजना के सफल क्रियान्वयन से राज्य के सभी विशेष पिछड़ी जनजातीय इलाकों में बुनियादी विकास एवं निर्माण के कार्य तेजी से कराये जा रहे है। राज्य में पीएम जनमन योजना को शुरू हुए अभी एक साल का भी अरसा पूरा नहीं हुआ है, फिर भी छत्तीसगढ़ सरकार की प्रतिबद्धता के चलते इसके सार्थक परिणाम दिखाई देने लगे है। कबीरधाम जिले में प्रधानमंत्री जनमन योजना के चलते बैगा समुदाय की तकदीर और इनकी बसाहटों की तस्वीर बदलने लगी है।छत्तीसगढ़ राज्य के उत्तर-पश्चिम भाग में स्थित कबीरधाम,राजनांदगांव,मुंगेली, बिलासपुर और कोरिया जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के लोग निवास करते है। जनसंख्यात्मक दृष्टिकोण से बैगा, छत्तीसगढ़ राज्य की विशेष पिछड़ी जनजातियों में सर्वाधिक आबादी वाला जनजाति समुदाय है। छत्तीसगढ़ राज्य में उक्त 5 जिलों में बैगा समुदाय के 24 हजार 589 परिवार निवासरत है, जिसमें से लगभग 46 प्रतिशत यानि 11 हजार 261 परिवार कबीरधाम जिले में रहते हैं।कबीरधाम जिले के बोड़ला एवं पंडरिया में बैगा समुदाय के लोग निवास करते हैं। इस समुदाय की 38 बसाहटों में निवासरत 255 परिवारों के घरों में विद्युत सुविधा से रौशन किया जा चुका है, जबकि 56 बैगा बसाहटों को जोड़ने के लिए 186.20 किलोमीटर लम्बाई वाली 47 सड़कों के निर्माण के लिए 135.72 करोड़ रूपए की स्वीकृति दी गई है। इनमें से 42 सड़कों के निर्माण प्रारंभ हो चुका है, जिसके अंतर्गत पक्की डामरीकृत सड़क एवं नदी-नालों पर पुल-पुलियों का निर्माण जारी है। कबीरधाम के पंडरिया विकासखंड के ग्राम भागड़ा, जामुनपानी, कामठी, कुई, मंगली सारपानी टाकटाईयां, बदना, गुडा, छिरहा, मुनमुना, नेउर और लालपुर में विशेष शिविर लगाकर बैगा समुदाय के लोगों के स्वास्थ्य एवं सिकलसेल की जांच के साथ ही 1870 बैगा परिवारों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए गए हैं। इन गांवों के 86 गर्भवती माताओं का सुरक्षित प्रसव कराया गया। स्वास्थ के प्रति जन-जागरूकता का विशेष अभियान संचालित करने का यह परिणाम है कि अब बैगा समुदाय की महिलाएं भी प्रसव के लिए सरकारी अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में बिना झिझक आने लगी है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा खेती-किसानी के लिए दी जा रही मदद के चलते अब बैगा समुदाय के लोग बेवर खेती को छोड़ परंपरागत तौर-तरीकों से खेती-किसानी करने लगे है। बेवर खेती दरअसल झूम खेती है। बैगा समुदाय के लोग एक स्थान पर स्थायी तौर पर निवास न करने के कारण बेवर यानी झूम खेती किया करते थे। बिना ब्याज के कृषि ऋण, अनुदान पर कृषि यंत्रों सहित अन्य सुविधाएं मिलने की वजह से बैगा समुदाय के लोग अब बेवर खेती को छोड़ स्थायी खेती करने लगे है। कबीरधाम जिले में शासन द्वारा बैगा समुदाय के लोगों को किसान क्रेडिट कार्ड एवं खेती-किसानी के लिए इस वर्ष 11.70 लाख रूपए का कृषि ऋण दिया जा चुका है। ग्राम दमगढ़ निवासी समेलाल बैगा के पास 5.5 एकड़ कृषि भूमि है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत उन्होंने एक लाख रूपए ऋण लेकर अपनी कृषि भूमि पर धान की खेती के लायक बना दिया है। समेलाल का कहना है कि धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी और राशि का तत्काल भुगतान होने से उन्हें कृषि से लाभ होने लगा है। ग्राम रोखनी के राजकुमार बैगा के पास 02 एकड़ कृषि भूमि है। प्रधानमंत्री जनमन योजना से ऋण लेकर उन्होंने खेत का सुधार कराया है और धान की खेती की है। फसल अच्छी होने की वजह से उन्हें, इससे लाभ होने की उम्मीद है। नवीन क्रेडिट कार्ड से ऋण मिलने से खेती की जरूरतें पूरी होने लगी है। पीएम-जनमन योजना के चलते कबीरधाम जिले की 260 बैगा बसाहटों में सोलर पंप, पानी टंकी, पाईप लाईन के माध्यम से बैगा परिवारों के घरों में नल से जल की आपूर्ति का काम तेजी से कराया जा रहा है। वर्तमान में विकासखंड बोड़ला के 181 बसाहटों में से 62 बसाहटों में सोलर पंप, पानी टंकी, पाईप लाईन के माध्यम से जलापूर्ति शुरू कर दी गई है, शेष 119 बसाहटों में नल कनेक्शन दिए जाने का काम जारी है। पंडरिया ब्लॉक अंतर्गत 78 बैगा बसाहटों में से 18 बसाहटों में नल से जल प्रदाय करने का काम पूरा हो चुका है, जबकि शेष बसाहटों में पानी टंकी निर्माण कार्य, पाईप लाईन बिछाने का काम जारी है। बैगा बसाहटों में पेयजल के लिए पहले से हैण्डपंप स्थापित है। प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत कबीरधाम जिले में 8 हजार 596 विशेष पिछड़ी जनजाति के तहत बैगा समुदाय के परिवारों का सर्वे में 8 हजार 440 परिवार बैगा परिवार आवास के लिए पात्र पाए गए है, जिनमें से 7853 का परिवारों का पंजीयन आवास पोर्टल में किया गया है एवं 7394 परिवारों को आवास की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृत परिवारों में से 6 हजार 678 हितग्राहियों को प्रथम किश्त, 3031 हितग्राहियों को द्वितीय किश्त एवं 1081 हितग्राहियों को तृतीय किश्त की राशि ऑनलाईन डी.बी.टी. के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में ट्रांसफर की जा चुकी है। बैगा समुदाय के रहवासी इलाकों में 4 छात्रावास, 39 आंगनबाड़ी केन्द्र, 2 वनधन केन्द्र, 13 बहुद्देशीय केन्द्र सहित कुल 370 कार्यों की स्वीकृति दी गई हैं, जिन्हें तेजी से पूरा कराया जा रहा है।

**-नसीम अहमद खान-**

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# पुत्र को पिता की सेवा-सुश्रुषा सदैव करनी चाहिए

प्रवृद्ध श्राद्ध कर्म में विशेष कर पितृ शब्द से विद्यादाता का ग्रहण होता है। अपने उत्पादक पिता की सेवा-शुश्रूषा तो सबको सदैव करनी ही चाहिए। ऐसा नहीं करने वाला कृतघ्न होता है। ज्ञान व विद्या देने वाले ज्ञानी पिता का भी भोजनादि से प्रतिदिन सत्कार करना ही श्राद्ध है। अपने जनक और अन्य यज्ञोपवीत कराने वाले आदि की सेवा को सामान्य प्रकार से तर्पण कहते हैं। श्राद्ध कर्म में पूजने योग्य दो ही हैं- पितृ और देव।भारतीय परंपरा में मानव जीवन के लिए महत्वपूर्ण माने गए पंच महायज्ञों में ब्रह्मयज्ञ (स्वाध्याय), पितृयज्ञ (तर्पण), देवयज्ञ (होम/हवन), बलि वैश्वदेव (भूतयज्ञ)और नृयज्ञ (अतिथि पूजन) में दूसरे स्थान पर पितृयज्ञ शामिल है। पितृयज्ञ तर्पण का ही अवान्तर भेद श्राद्ध है। भूख-प्यास आदि से होने वाले दुःख की निवृत्तिरूप तृप्ति अथवा प्रसन्नता, मन में पूरा सन्तोष अथवा आनन्दरूप को तर्पण कहा जाता है। और जिस कर्म विशेष के द्वारा अन्न से तृप्त हुए जन क्षुधा से होने वाले दुःख से निवृत्त होते हैं, श्रद्धा कहा जाता है। श्रद्धापूर्वक दिये जाने वाले अन्न का नाम श्राद्ध है। श्रद्धापूर्वक बनाये अन्न का खाने वाला श्राद्धभोजी होता है। इसलिए पाणिनी सूत्र में श्राद्धमनेन भुक्तमिनिठनौ कहा गया है। जिसने श्राद्ध का भोजन किया हो, वह श्राद्धी अथवा श्राद्धिक कहा जाता है। यहां भक्ति श्रद्धा से पकाये हुए अन्न का नाम श्राद्ध है। इससे यह सिद्ध है कि भोजन से होने वाले सत्काररूप कर्म का नाम श्राद्ध है। इससे यह भी सिद्ध हुआ कि भोजन से होने वाले सत्कार कर्म और उस सत्कार के लिए श्रद्धा से बनाए अन्न का नाम श्राद्ध है। श्रद्धा से दिए जाने वाले इस पितृ संबंधी दानकर्म को श्राद्ध कहते हैं।सामान्यतः पिता शब्द से उत्पादक का अर्थ लिया जाता है, परंतु भारतीय परंपरा में उत्पादक के साथ ही यज्ञोपवीत कराने वाला, विद्यादाता, अन्नदाता और भय से बचाने वाला, ये पांच पिता माने गये हैं। इस प्रकार पितृ शब्द योगरूढ़ है और अपने उत्पादक पिता में रूढ़ि भी है। अन्य लौकिक व्यवहार में पिता शब्द से प्रकरणानुसार जनक, यज्ञोपवीत कराने, अन्न देने अथवा भय से बचाने वाले का ग्रहण होता है। परंतु श्राद्ध कर्म में विशेष कर पितृ शब्द से विद्यादाता का ग्रहण होता है। अपने उत्पादक पिता की सेवा-शुश्रूषा तो सबको सदैव करनी ही चाहिए। ऐसा नहीं करने वाला कृतघ्न होता है। ज्ञान व विद्या देने वाले ज्ञानी पिता का भी भोजनादि से प्रतिदिन सत्कार करना ही श्राद्ध है। अपने जनक और अन्य यज्ञोपवीत कराने वाले आदि की सेवा को सामान्य प्रकार से तर्पण कहते हैं।श्राद्ध कर्म में पूजने योग्य दो ही हैं- पितृ और देव। वाणी के कर्म में प्रवीण, पढ़ाने व उपदेश करने में सदा प्रवृत अर्थात पढ़ाने और उपदेशादि वाणी के कर्म द्वारा विद्या का प्रचार करके जगत का उपकार करने के लिए प्रतिक्षण प्रवृत्त होने वाले देवता कहाते हैं। मनुस्मृति के अनुसार मानसकर्म ज्ञान में सदा रमण करने, अपने मन ही मन में शुद्ध आनन्द की लहरियों का अनुभव करने, सदा अच्छे-बुरे का विवेक करने, बहुत कम नियम से बोलने अथवा वाणी को वश में करके मौन रहने, विषय पर सम्यक अनुभव कर उसके प्रचार से जगत का उपकार करने, उस विषय को पुस्तकादि द्वारा सरल कर प्रचलित करने वाले पितर हैं। वेदविद्या का दान देने से आचार्य, गुरु को पिता कहते हैं। अज्ञानी को बालक और ज्ञानी को पिता कहते हैं।शतपथ ब्राह्मण के अनुसार जिनमें वाणी के कठोर, मिथ्याभाषण, चुगली और असम्बद्ध बोलना रूप चार दोष न हों, और सत्य भाषण, हितकारी वाक्य संभाषण, प्रियवाणी बोलना और वेदादिशास्त्र पढने आदि चार प्रसंगों में वाणी का व्यय करना, किन्तु क्रोधादि पूर्वक नहीं बोलना आदि गुण मौजूद हों, वे देव हैं। और मानस विचार में तत्पर रहने वाले अर्थात मन के तीन दोष - परद्रव्यापहरण (अन्य के वस्तु को लेने की तृष्णा), दूसरों के प्रति अनिष्ट विचार और असम्भव विचार संबंधी दोष जिनमें न हों तथा मानस तीन गुण- सब प्राणियों पर दया, निरपेक्ष व सन्तोष और शुभकर्मों अथवा परमात्मा की उपासनादि में श्रद्धाभक्ति जिनमें विशेष कर हों वे पितर कहाते हैं।स्पष्ट है कि वाचिक पापों से रहित और वाचिक पुण्य करने में विशेष कर प्रवृत्त देव, तथा मानस पापों से रहित, मानस पुण्य करने में अधिक कर प्रवृत्त पितृ कहाते हैं। जिनकी वाणी सब प्रकार शुद्ध है, वे देव और जिनका मन



सब प्रकार शुद्ध है, वे पितृ लोग कहाते हैं। मानस विचार की रक्षा वाणी से होती है, इसी कारण पितृ कार्य का रक्षक देवकार्य को माना है। तथा देव को ऋषि और पितृ को मुनि। जहां देव, ऋषि, पितृ, सब आते हैं, वहां ऋषि पद वाच्य ब्रह्मचर्याश्रमस्थ वेदाध्येता तपस्वी अन्तेवासी शिष्य लिए जाएंगे। मनुस्मृति के अनुसार सत्त्वगुण की प्रधानता होने से बुद्धिवर्द्धक तथा खाने योग्य कव्यपदार्थ ही प्रयत्न के साथ ज्ञानियों को खिलाना चाहिए। और होमने योग्य वस्तु चारों प्रकार के विद्वानों को खिलाना चाहिए। इसी कारण उपनिषदों में भी आत्मज्ञानी की पूजा करने का निर्देश दिया गया है। इससे ज्ञानी लोगों का ही सत्कार करने की बात सिद्ध होती है। सत्य-असत्य का विवेक करने वाले ज्ञानी जनों की सम्यक श्रद्धा, भक्ति से सेवा करने वाले सेवकों पर वे प्रसन्न होकर कल्याण करने के लिए मन लगाते हैं। और श्रेष्ठमार्ग का उपदेश करते अथवा संकेतमात्र से जता देते हैं कि यह काम ऐसे करना चाहिए और यह न करना चाहिए।इसी कारण ज्ञाननिष्ठ पितृजनों के सेवक भी कल्याणभागी होते हैं। इसी से ज्ञानयुक्त पितृजनों की अन्नादि दान से श्रद्धापूर्वक सेवा-शुश्रूषा करनी चाहिए। सब सत्कारों में भोजनार्थ अन्न से सत्कार करना ही सबमें मुख्य है। वैदिक मतानुसार प्राणियों का प्राण अन्न के ही आश्रय है। और भोजन से ही इस शरीर की उत्पत्ति, स्थिति और नाश हो सकता है। सात्त्विक- सत्त्वगुण का बढ़ाने वाला आहार मिलने पर शरीर निरोग और सत्त्वगुण वाली प्रबल बुद्धि होती है, इसी से धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की सिद्धि है। वस्त्र और भूषण आदि सुख के साधनों के न मिलने पर भी केवल अन्न और जल के आश्रय से शरीर ठहर सकता है, परंतु अन्न-जल न मिलने पर अत्यंत समृद्ध धनी होने अथवा सब पृथ्वी का राज्य मिल जाने पर भी शरीर की स्थिति नहीं रह सकती। इससे तर्पण और श्राद्ध में अन्न-जलों से सत्कार करना मुख्य है। अत्यंत प्राचीन काल से ही विद्वानों के मध्य यही परिपाटी चली आ रही है। लेकिन कालांतर में यह परंपरा लुप्त हो गई और मरे हुओं के नाम से पिण्ड देने की नई अवैदिक परंपरा चल पड़ी। पौराणिक ग्रंथों में इन अवैदिक चलन को बढ़ावा दिया गया। इसलिए भोजन से ज्ञानी पितृ लोगों का श्राद्ध करना अत्यन्त उचित है।श्राद्ध नित्यकर्म और नैमित्तिक दोनों प्रकार का हो सकता है। विधि आज्ञा के अनुसार मनुष्य को नित्य श्राद्ध करना चाहिए। मनुस्मृति में कहा गया है कि- नित्य अन्न, जल, दूध व खीर, फल और कन्द मूलों से पितृ- नाम ज्ञानी पुरुषों का प्रीतिपूर्वक श्रद्धा से सत्कार करना चाहिए। यहाँ नित्यकर्म श्राद्ध के विधान में भोजन के पदार्थ गिनाये हैं। इनमें मांस अभक्ष्य होने से नहीं रखा गया। श्राद्ध में मांस पूर्णतः निषेध है। पंच महायज्ञ सामान्य कर नित्यकर्म हैं, उनके अन्तर्गत होने से भी श्राद्ध नित्यकर्म सिद्ध होता है, यह सब कथन उत्सर्गरूप से है। और अपवादरूप से श्राद्ध नैमित्तिक भी है। अर्थात जो कोई प्रतिदिन भोजनादि सत्कार के साधनों के न मिल सकने से श्राद्ध नहीं कर सकता। अथवा जिसको सत्कार के योग्य पितृजन नित्य-नित्य नहीं प्राप्त होते, उसको साधनों के मिलने और पूज्य पितृजनों की प्राप्ति होने पर श्राद्ध करना चाहिए। सत्कार के योग्य पितृजनों के संबंध में कहा गया है-अज्ञो भवति वै बालः पिता भवति मन्त्रदः।अर्थात -ज्ञानवृद्ध का नाम पिता है, किन्तु अवस्थावृद्ध का नाम नहीं।प्राचीन काल में नैमित्तिक श्राद्ध के लिए हमारे पूर्वजों ने समय नियत किया था। इसी कारण पाणिनी ने अपने सूत्र में कहा है- श्राद्धे शरदः। अर्थात -ऋतुवाचक शरद् शब्द से श्राद्ध अर्थ में ठञ् प्रत्यय होता है। यद्यपि शरद ऋतु में अनेक सामान्य अथवा विशेष कार्य होते हैं, तथापि शरद ऋतु में हुए अथवा होने वाले श्राद्ध का ही नाम शारदिक होता है, शरद ऋतु के अन्य कामों को शारद कहा जाता है। लेकिन इसका यह अर्थ नहीं है कि शरद ऋतु में ही श्राद्ध किया जाये अन्य में न किया जाय अथवा अन्य ऋतु में श्राद्ध नहीं होता। साधनों के ठीक-ठीक न मिलने आदि पर श्राद्ध का नैमित्तिक करना कहा गया है। भोजन करने योग्य वस्तु- खोया, बरफी और रबड़ी, खीर आदि अनेक प्रकार के मीठे अथवा दही, मठा, शिखरन आदि सर्वोपरि उत्तम पदार्थ दूध से बनते हैं। और वर्षा ऋतु के होने से गौ आदि पशुओं के भोजन घासादि मुख्य कर उसी समय अथवा उससे कुछ पहले अवश्य उत्पन्न होते हैं।पशुओं के भक्ष्य घासादि की अधिकता से दूध अधिकतर उत्पन्न होता है। इस कारण खीर आदि वस्तु सुगमता से प्राप्त हो सकते है। श्राद्ध में खीर आदि पुष्ट वस्तुओं का प्रायः विधान किया है। अन्नों के बीच उत्तम चावल मुख्य माने गये हैं। वे भी वर्षा की अधिकता से शरद ऋतु में ही उत्पन्न होते हैं। इसी कारण आश्विन (क्वार) के महीने में पूर्वकाल से नैमित्तिक श्राद्ध की परिपाटी चलाई गई थी। यह सत्य परम्परा अब नष्ट हो गई है, अर्थात वह श्राद्ध जिस उद्देश्य से पहले चलाया गया था, वैसा उद्देश्य अब नहीं रहा। अब कोई वैसे ज्ञानी लोगों को श्राद्ध के लिए न खोजता और न परीक्षा करता और न उसके मुख्य प्रयोजन को समझ कर श्राद्ध करता है। अब अधिकतर इसके ठीक विपरीत होता है।

**-अशोक-**

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## पहला प्यार



डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा
रायपुर, छत्तीसगढ़



दादू,मैं तो मम्मी-पापा को समझाते-समझाते थक चुका कि नेहा मेरा पहला प्यार है, मैं उसे कभी भूल नहीं सकता और मैं उसके बिना जी भी नहीं सकता। प्लीज़, अब आप ही उन्हें समझाइए। शायद आपकी बातों का उन पर कुछ असर हो। पोते ने दादाजी से हाथ जोड़कर मनुहार की।

हाँ बेटा, शायद तुम सही कह रहे हो। मैं जरूर कोशिश करूँगा उन्हें समझाने की कि पिछले पच्चीस-छब्बीस सालों में तुम्हारे प्रति उनका और उनके प्रति तुम्हारा प्यार झूठा और महज दिखावे भर का था। मैं उन्हें यह भी समझाऊँगा कि तुम्हारे बचपन में उनका तुम्हारी नींद के अनुसार सोना और जागना, अपना पेट काट-काट कर राजकुमारों की तरह पालन-पोषण करना एकदम झूठा था। तुम्हारे दस साल के होते तक अपने हाथों से खिलाना, पिलाना, नहाना, धुलाना, साथ में सुलाना सब कुछ महज दिखावे के लिए ही था। सच्चा प्यार तो तुम्हारे और नेहा के बीच ही है। दादाजी ने उसे आश्वस्त करते हुए कहा।

क्या हुआ बेटा ? तुम रो क्यों रहे हो ?

सॉरी दादाजी, मुझे माफ़ कर दीजिए। मैं नेहा के प्यार में पड़कर बहुत ही स्वार्थी हो गया था। आप और मम्मी-पापा मेरे सच्चे हितचिंतक हैं। यदि आप लोग नेहा को मेरे लायक सही जीवनसाथी नहीं मान रहे हैं, तो जरुर कोई वजह होगी। सॉरी दादाजी। आप लोग जैसा कहेंगे, मैं वैसा ही करूँगा।

अरे...अरे... ये क्या ? पोते दादाजी के पैरों में नहीं पड़ते, गले मिलते हैं। दादाजी ने उसे गले लगाते हुए कहा।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# राहुल की बातें मजाक की नहीं,चिंता का विषय

पहली बात आरक्षण के संदर्भ में हैं। उन्होंने कहा, हम आरक्षण खत्म करने के बारे में तभी सोचेंगे, जब भारत एक भेदभावरहित जगह बन जाएगा'। दूसरी बात, सिखों को लेकर है। राहुल ने कहा, भारत में सिख डरने लगे हैं कि उनको पगड़ी और कड़ा पहनने दिया जाएगा या नहीं'। इन दो बातों के अलावा विवाद का तीसरा मुद्दा उनकी मुलाकात है। वे अमेरिकी कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल से मिले, जिसमें इल्हान उमर भी शामिल थीं, जिनका भारत विरोध जगजाहिर है।कांग्रेस पार्टी के सर्वोच्च नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को लेकर पिछले दिनों पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीमति स्मृति ईरानी ने एक बहुत पते की बात कही थी। उन्होंने कहा था कि, राहुल गांधी जो कहते हैं, हम भले उसे बचकाना मानें या हंसी उड़ाएं लेकिन वे अलग तरह की राजनीति कर रहे होते हैं'। उनके कहने का मतलब था कि राहुल की बातें सुनने में बचकानी या बेसिरपैर की लग सकती हैं लेकिन वे किसी न किसी राजनीतिक मकसद से अपनी बातें कहते हैं। वह उनके, उनकी पार्टी के और व्यापक गठबंधन की वृहत्तर राजनीति को साधने के लिए कही गई बात होती है। इसलिए उनकी बातों को और जिस संदर्भ में वे अपनी बात कहते हैं उसको गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। उनकी बातें मजाक की नहीं, बल्कि चिंता का विषय हैं।तीन दिन की अपनी अमेरिका यात्रा में वे जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी गए और नेशनल प्रेस क्लब में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने जो बातें कहीं या इनसे अलग जिन लोगों से बेहद आत्मीय मुलाकात की है उसको पूरे संदर्भ के साथ देखेंगे तो एक बड़े खतरे का आभास होगा। इससे कांग्रेस और पूरे विपक्ष की मानसिकता समझ में आएगी और उनकी विभाजनकारी राजनीति की वास्तविक तस्वीर भी दिखेगी। अमेरिका यात्रा में राहुल की दो बातें और एक मुलाकात विवाद के केंद्र में हैं। पहली बात आरक्षण के संदर्भ में हैं। उन्होंने कहा, हम आरक्षण खत्म करने के बारे में तभी सोचेंगे, जब भारत एक भेदभावरहित जगह बन जाएगा'। दूसरी बात, सिखों को लेकर है। राहुल ने कहा, भारत में सिख डरने लगे हैं कि उनको पगड़ी और कड़ा पहनने दिया जाएगा या नहीं'। इन दो बातों के अलावा विवाद का तीसरा मुद्दा उनकी मुलाकात है। वे अमेरिकी कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल से मिले, जिसमें इल्हान उमर भी शामिल थीं, जिनका भारत विरोध जगजाहिर है।राहुल और विपक्ष के राजनीतिक डिजाइन को समझने के लिए शुरुआत उनकी पहली बात से करते हैं। आरक्षण समाप्त करने से जुड़े एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भारत में अभी बहुत भेदभाव और असमानता है, जब सबके लिए समान अवसर उपलब्ध होंगे यानी असमानता खत्म हो जाएगी तभी आरक्षण खत्म होगा। इस बात के दो पहलू हैं। एक



पहलू को लेकर सबसे पहले बहुजन समाज पार्टी की नेता मायावती ने राहुल पर हमला किया।उन्होंने कहा कि यह आरक्षण खत्म करने की साजिश का खुलासा है। बाद में दूसरी पार्टियों ने भी यह चिंता जताई और कहा कि कांग्रेस की आरक्षण विरोधी मानसिकता जाहिर हो गई। कहने की जरुरत नहीं है कि आजादी के बाद से कांग्रेस हमेशा आरक्षण विरोधी रही है। उसके शासन में काका कालेलकर आयोग बना था, जिसकी सिफारिशें उसने नहीं लागू कीं और बीपी मंडल की अध्यक्षता में बनी मंडल आयोग की रिपोर्ट भी इंदिरा और राजीव गांधी ने 10 साल तक बक्से में बंद रहने दी थी। अब राहुल गांधी अचानक जाति जनगणना और आरक्षण के चैम्पियन बनने लगे हैं। लेकिन अमेरिका में उनकी बातों से उनकी पार्टी का छिपा हुआ एजेंडा जाहिर हो गया।आरक्षण पर दिए उनके बयान का दूसरा पहलू यह था कि भारत एक फेयर प्लेस' नहीं है। यहां भेदभाव होता है और समानता नहीं है। क्या यह भारत के समाज को बांटने वाली बात नहीं है? क्या राहुल गांधी भारत के संविधान को नहीं मानते हैं? भारत का संविधान नागरिकों के बीच समानता के सिद्धांत पर आधारित है। वह हर नागरिक को अवसर की समानता का अधिकार देता है। इसी सिद्धांत में अपवाद बना कर एफर्मेटिव एक्शन' लिए गए हैं यानी आरक्षण की व्यवस्था लागू की गई है। इसके बावजूद अगर किसी स्तर पर असमानता है तो उसके लिए दोषी कौन है? क्या 60 साल तक राज करने वाली कांग्रेस पर इसकी जवाबदेही नहीं आती है? अगर कहीं असमानता है तो क्या राहुल गांधी के पूर्वजों की गलत नीतियों की वजह से नहीं है? और क्या यह सचाई नहीं है कि पिछले 10 साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने देश में हर किस्म की असमानता मिटाने और सभी जातीय, धार्मिक व आर्थिक समूह के लोगों को समान अवसर उपलब्ध कराने के लिए काम किया है? परंतु राहुल गांधी को भारत का अपमान करना था। भारत के बारे में बुरी बातें कहनी थीं। वे समझते हैं कि इससे वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या भाजपा का अपमान कर रहे हैं, लेकिन असल में वे भारत का अपमान करते हैं। पहले वे एक सांसद के नाते विदेश जाते थे और इस तरह की बातें करते थे परंतु इस बार तो वे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के नाते विदेश गए थे। वे संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति हैं और देश के राजदूत के रूप में उनका आचरण होना चाहिए था। लेकिन अफसोस की बात है कि वे अपने छोटे छोटे राजनीतिक पूर्वाग्रहों से ऊपर नहीं उठ सके।उनकी दूसरी बात और भी खतरनाक थी। उन्होंने सिखों के मन में डर पैदा हो जाने की बात कही। यह बात कितनी खतरनाक है इसका अंदाजा इससे लगता है कि सिख फॉर जस्टिस' नाम से संगठन बनाने वाले अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने उनकी बात का समर्थन किया। राहुल की इस बात से पहले सवाल तो यही उठता है कि क्या नैतिक रूप वे ऐसी स्थिति में हैं कि इस तरह के बयान दे सकें? उनकी दादी इंदिरा गांधी की सरकार ने ऑपरेशन ब्लूस्टार के रूप में सिखों को सबसे बड़ा घाव दिया था और उनके पिता राजीव गांधी की सरकार के समय दिल्ली में सिखों का नरसंहार हुआ था।उनकी पार्टी के ही नेता और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी पिछले दिनों राहुल के बचाव में उतरे तो उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार के समय सिखों के सबसे पवित्र स्वर्ण मंदिर पर हमला' हुआ था। यह भी सबको पता है कि सिख नरसंहार के समय उसको न्यायसंगत ठहराते हुए राजीव गांधी ने कहा था कि बड़ा पेड़ गिरता है तो धरती हिलती है।सिखों के प्रति इस तरह का भाव रखने वाले लोग विदेश जाकर उनके लिए घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं, इससे बड़ी विडम्बना क्या हो सकती है! लेकिन इस बयान के लिए राहुल की बुद्धि पर अफसोस करने की बजाय यह समझने की जरुरत है कि उन्होंने ऐसा विभाजनकारी बयान क्यों दिया? उनका बयान खालिस्तान की मांग करने वाले अलगाववादियों के तुष्टिकरण वाला है। यह बहुत खतरनाक बयान है।

**-एस. सुनील-**

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# प्रदेश का तो दूर अपने गृह जिले का कानून व्यवस्था नहीं सम्हाल पा रहे गृहमंत्री

- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।



प्रदेश में बदहाल हो चुकी कानून व्यवस्था को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर शनिवार को छत्तीसगढ़ बंद का अंबिकापुर में मिला जुला रहा। बंद को सफल बनाने के लिए सुबह 10 बजे जिला कांग्रेस के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव और छत्तीसगढ़ की सहप्रभारी जरिता लैथफलांग के नेतृत्व में कोठीघर से जिला कांग्रेस कार्यालय तक रैली के रूप में गए। शहर के व्यवसायी समूहों के स्वस्फूर्त समर्थन के कारण प्रदेश कांग्रेस द्वारा आहूत बंद के जिसकी समयावधि सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक थी, जो मिला जूला रहा। जिला कांग्रेस कमेटी ने 1 दिन पूर्व ही शहर के सभी व्यवसायी समूहों को पत्र प्रेषित कर समर्थन मांगा था। बंद के दौरान कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव और प्रदेश कांग्रेस की सहप्रभारी जरिता लैथफलांग ने कहा कि प्रदेश की सरकार के हाथ खून से रंगे हुए हैं। छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि जो गृहमंत्री अपने गृहजिले की कानून व्यवस्था नहीं सम्हाल सकता वो प्रदेश की कानून व्यवस्था क्या सम्हालेगा। जिला कांग्रेस कमेटी, सरगुजा के अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने बंद को सफल बनाने के लिए व्यवसायी बंधुओं को सहृदय धन्यवाद दिया और कहा कि प्रदेश की सत्ता अनुभवहीन और अकुशल लोगों के हाथ मे पड़ गई है, जिसका खामियाजा प्रदेश की जनता को भुगतना पड़ रहा है। सरगुजा संभाग में हाल में घटित आपराधिक घटनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अभी ये अनुभवहीन सरकार 4 साल और रहेगी तब तक प्रदेश की कानून व्यवस्था भगवान भरोसे रहने वाली है।

बंद को सफल बनाने में बालकृष्ण पाठक, जेपी श्रीवास्तव, मधु सिंह, द्वितेन्द्र मिश्रा, राकेश गुप्ता, हेमंत सिन्हा, फुलेरिया भगत, रामविनय सिंह, मो इस्लाम, अरविंद सिंह गप्पू, हेमंत तिवारी, संजय विश्वकर्मा, दुर्गेश गुप्ता, अब्दुल अब्बास, विकल झा, गुरुप्रीत सिधु, गीता प्रजापति, गीता श्रीवास्तव पूर्णिमा सिंह, गीता रजक, नीतीश चौरसिया, रजनीश सिंह, विकास केशरी, हिमांशु जायसवाल, विष्णुदेव सिंह, कलीम अंसारी, काजु खान, बाबर खान, अविनाश कुमार, फैसल सिद्धकी, परवेज आलम गांधी, आशीष जायसवाल, तरनजीत बाबरा, प्रीति सिंह, आदि की सक्रिय भूमिका रही।

# बिश्रामपुर 6-0 से व भिलाई खुर्द 1-0 गोल से जीते अपने-अपने मैच

- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

गांधी स्टेडियम में खेले जा रहे संभाग स्तरीय नॉकआउट कम लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के तहत शनिवार को दो मैच खेला गया। पहला मैच जूनियर इलेवन खैरबार व ब्राइट स्टार बिश्रामपुर के मध्य खेला गया। जिसमें बिश्रामपुर की टीम ने 6-0 से खैरबार को हरा दिया। शांतनु ने विश्रामपुर की तरफ से दो गोल और दूसरे हाफ में सज्जू प्रियांशु एवं सूरज ने अपने टीम के लिए एक-एक गोल कर टीम को 6-0 से अपनी टीम को जीता दिलाया। इस प्रतियोगिता में दूसरा मैच फुटबॉल क्लब सोनगरा व भिलाई खुर्द के मध्य खेला गया। मैच के प्रथम हाफ में भिलाई खुर्द की टीम ने अच्छे खेल के प्रदर्शन किया, लेकिन दोनों टीमें बराबरी पर रही। मैच के दूसरे हाफ में भलाई खुर्द के टीम की ओर से दीपक ने गोलकर टीम को 1 गोल से बढ़त दिला दी। इसके बाद सामय के अंत तक यह प्वाइंट बरकरार रहा। इससे भिलाई खुर्द की टीम ने 1-0 गोल से सानगरा को हरा दिया। मैच के निर्णायक दिनेश तिर्की, दयाराम यादव, बाल साय एवं सचिन थे। साथ में दीपक कुजूर फोर्थ ऑफिसियल के रूप में थे।



**आज का मैच**

रविवार को पहला मैच सरगुजा पुलिस विरुद्ध फुटबॉल क्लब धौरपुर के मध्य खेला जाएगा एवं दूसरा मैच जीएसटी अंबिकापुर विरुद्ध घटगांव फुटबॉल क्लब के मध्य मैच खेला जाएगा।

# नेशनल लोक अदालत में न तो कोई पक्षकार जीतता है और न ही हारता है...



- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

नेशनल लोक अदालत का आयोजन शनिवार को किया गया। जिसमें कुल 5731 प्री लिटिगेशन के तथा नियमित प्रकरण 1359 निराकृत हुए। राजस्व स्तर पर कुल 5684 प्रकरण निराकृत हुए। कुल समझौता योग्य राशि 4 करोड़ 70 लाख 27 हजार 283 हुई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सरगुजा के सचिव अमित जिन्दल ने बताया कि परिवार न्यायालय में भी कुल 29 प्रकरण निराकृत हुए, श्रम न्यायालय में भी 23 प्रकरण निराकृत हुए। उन्होंने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों के निराकरण का लाभ यह होता है कि न तो कोई पक्षकार जीतता है और न ही कोई पक्षकार हारता है। पक्षकारों के मध्य मधुर संबंध स्थापित होते हैं तथा लंबे समय तक चलने वाली मुकदमेबाजी का अंत होता है। लोक अदालत के माध्यम से निराकृत हुए प्रकरणों के विरूद्ध कोई अपील भी नहीं होती।

# केएफसी फ्रेंचाइजी व्यवसायी के नाम पर ठेकेदार 2 लाख 65 हजार की ठगी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

केएफसी फ्रेंचाइजी व्यवसयी के नाम पर ठेकेदार 2 लाख 65 हजार 500 रुपए ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गया। ठेकेदार ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार आलेक कुमार गुप्ता शहर के डीसी रोड का रहने वाला है और ठेकेदारी का काम करता है। वह केएफसी फ्रेंचाइजी व्यवसायी के लिए वेबसाइट पर सर्च कर रहा था। लॉगिन करने पर एक नंबर पर बात हुई। इसके बाद उसे मेल पर व्यवसायी से रिलेटेड जानकारी दी गई। इसके बाद वह डिटेल फार्म भरकर सबमिट कर दिया। इसके बाद दो अलग-अलग नंबर से दो व्यक्ति का फोन आय और रजिस्ट्रेशन के नाम पर रुपए की मांग की गई। वह विश्वास में आकर दिए गए खाता नंबर में 4 सितंबर को 2 लाख 65 हजार 500 रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिया। इसके बाद उक्त एरिया में कोई और अपलाई नहीं कर सके इसके लिए एनओसी के नाम पर 7 लाख 75 हजार रुपए और मांगा गया। इसके बाद ठेकेदार को संदेह होने पर वह एड्रेस चेक किया तो फर्जी पाया गया। इसके बाद उक्त दोनों व्यक्ति का नंबर बंद पाया जा रहा है। ठगी के शिकार रहोने पर ठेकेदार ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# स्वच्छता की अलख जगाने कलेक्टर ने चलाई साइकिल

» **बड़ी संख्या में अधिकारी, स्कूली बच्चे और स्वच्छाग्राही दीदियां हुई शामिल**

- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत शनिवार को सुबह-सुबह अंबिकापुर शहर में साइकिल रैली निकाली गई। इस रैली में बड़ी संख्या में जिले के अधिकारियों, स्कूली बच्चों, और स्वच्छाग्राही दीदियों ने भाग लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में स्वच्छता ही सेवा अभियान चल रहा है। स्वच्छता को अपने स्वभाव में लाने के साथ ही इसे संस्कार के रूप में अपनाने को लेकर इस वर्ष इस अभियान की थीम भी निर्धारित की गई है। इसी कड़ी में शनिवार को शहर के मल्टीपरपज स्कूल से साइकिल रैली निकाली गई।



कलेक्टर विलास भोसकर ने स्वयं इस रैली में साइकिल चलाकर भाग लिया। कलेक्टर भोसकर के नेतृत्व में यह रैली मल्टीपरपज स्कूल से महामाया चौक, संगम चौक, घड़ी चौक, गांधी चौक, आकाशवाणी चौक और गुदरी चौक से होते हुए वापस मल्टीपरपज स्कूल में समाप्त हुई। इस दौरान स्वच्छता शपथ भी ली गई।

**बेहतर कार्य करने वाले होंगे सम्मानित**

उल्लेखनीय है कि स्वच्छता ही सेवा अभियान 2 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। 02 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर काम करने वालों को सम्मानित किया जाएगा।

# सुशासन की सरकार में अधूरे आवास हो रहें हैं पूरे...प्रधानमंत्री आवास योजना से भोला को मिला सपनों का आशियाना

- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।



मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की सरकार में अधूरे प्रधानमंत्री आवास आज पूरे हो रहे हैं, कभी कच्चे के मकान में रहते थे, आज खुद का अपना पक्का मकान है। ऐसा कहना है असोला ग्राम पंचायत के रहने वाले भोला का, उन्होंने बताया कि उनके परिवार में पति-पत्नी और दो बच्चे हैं, मजदूरी कर अपना परिवार चला रहे हैं। मजदूरी से इतनी आमदनी नहीं होती कि अपना पक्का मकान बना पाएं। भोला राम बताते हैं कि उनका प्रधानमंत्री आवास लंबे समय से अधूरा था, जिससे उनका पक्का मकान बनाने का सपना पूरा होते-होते रह गया।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की नियुक्ती हेतु भाजपा ओबीसी जिला अध्यक्ष ने स्वास्थ्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन


- संवाददाता -
लखनपुर,21 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा जिले का लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सकों की कमी से जूझ रहा है और क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। सेटअप अनुसार लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 9 चिकित्सको का पोस्ट है।

वर्तमान में तीन चिकित्सक के भरोसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लखनपुर संचालित हो रहा है डॉक्टरों की कमी के कारण क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य विभाग उपलब्ध नहीं हो पा रही है और क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। चिकित्सकों की कमी को देखते हुए भाजपा ओबीसी पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल के द्वारा चिकित्सकों की कमी को लेकर स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन सोपा है।

ज्ञापन में उल्लेखनीय है कि सरगुजा जिले के लखनपुर विकास खंड आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के साथ काफी बड़ा है। चिकित्सकों की कमी को देखते हुए लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सेटअप अनुसार चिकित्सकों की नियुक्ति किए जाने मांग की गई है जिससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल सके।





# मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने खर्रानगर,मरेया,सितकालो आगनबाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण

» **खरा नगर और शीतकालों में दो-दो गंभीर कुपोषित बच्चे मिले**

- संवाददाता -
लखनपुर,21 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा कलेक्टर विलास भोस्कर के निर्देसानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर पीएस मार्को ने 21 सितंबर दिन शनिवार को सरगुजा जिले के उदयपुर विकासखंड के सुदूर वनांचल ग्राम खर्रानगर , मरेया, सितकलो स्वास्थ्य केंद्र और आंगनबाडी केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य कर्मचारियों का आवश्यक दिशा निर्देश दीया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने खर्रानगर प्राथमिक शाला भवन में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। जांच के दौरान कुपोशित गंभीर कुपोषित दो बच्चे और 8 मध्यम कुपोषीत बच्चे मिले है। साथ ही सितकालो में दो गंभीर कुपोषित बच्चे मिले हैं।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर पीएस मार्को के द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और स्वास्थ्य कर्मचारीयो को कुपोषित बच्चों के खान-पान और साफ सफाई के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया है। बाद इसके मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर पीएस मारको के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र केदमा में स्वास्थ्य कर्मचारियों की बैठक ली। बैठक के दौरान उन्होंने मौसमी बीमारी, मलेरिया ,टीवी आयुष्मान कार्ड, सहित अन्य स्वास्थ्य योजना के संबंध में विस्तार से चर्चा करते हुए योजनाओं के क्रियावन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश स्वास्थ्य कर्मियों को दिए हैं।

# 26 से शुरू हो सकती है रायपुर-अंबिकापुर हवाई सेवा

» **फ्लाई-बिग शुरू करेगी 19 सीटर फ्लाइट सेवा**

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,21 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा जिले के दरिमा एयरपोर्ट से रायपुर तक हवाई सेवा 26 सितंबर से शुरू हो सकती है। अंबिकापुर और रायपुर एयरपोर्ट पर तैयारियां तेज कर दी गई है हालांकि इसकी अधिकृत सूचना अभी नहीं आई है। पीएम नरेंद्र मोदी उड़ान 4.2 योजना के तहत चार प्रदेशों में हवाई सेवाओं का शुभारंभ करेंगे।

मंगलवार को एलायंस एयर ने दरिमा में 72 सीटर विमान उतार कर ट्रायल रन पूरा किया। वहीं उड़ान 4.2 के तहत बिग फ्लाई अंबिकापुर-रायपुर विमान सेवा शुरू करने के संकेत मिले हैं। उड़ान 4.2 के तहत अंबिकापुर से रायपुर एवं बिलासपुर के लिए हवाई सेवाओं का संचालन फ्लाई बिग कंपनी को अवॉर्ड किया गया है। फ्लाई बिग 19 सीटर विमानों का परिचालन करेगी.






**पीएम वर्चुअल हरी झंडी दिखाएंगे**

अंबिकापुर-रायपुर की हवाई सेवा के लिए अंबिकापुर एवं रायपुर एयरपोर्ट में तैयारी शुरू कर दी गई है। हालांकि फ्लाई बिग या छ्तष्ट की ओर से इसकी अधिकृत सूचना नहीं दी गई है। पीएम नरेंद्र मोदी कुछ राज्यों में उड़ान 4.2 की सेवाओं को वर्चुअल हरी झंडी दिखाएंगे।

इसमें अंबिकापुर-रायपुर हवाई सेवा को भी जोड़ा जा रहा है। अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल ने बताया कि अधिकृत सूचना तो नहीं आई है, लेकिन दोनों एयरपोर्ट पर तैयारी की जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

बिग फ्लाई को अवॉर्ड हुआ है रूट उड़ान 4.2 के तहत अंबिकापुर-रायपुर-अंबिकापुर और अंबिकापुर-बिलासपुर-अंबिकापुर रूट के हवाई सेवाओं का परिचालन फ्लाई बिग विमानन कंपनी को अवॉर्ड हुआ है। इसके तहत फ्लाई बिग 19 सीटर विमानों का संचालन करेगी।

**मार्च 2024 में जारी हुआ है लाइसेंस**

सरगुजा के संभाग मुख्यालय से 12 किलोमीटर दूर स्थित मां महामाया एयरपोर्ट को DGCA ने लाइसेंस मार्च 2024 में जारी किया है. लाइसेंस जारी होने के दो दिनों बाद ही लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू हो गई। एयरपोर्ट का उन्नयन 47 करोड़ की लागत से किया गया है.

364 एकड़ में नए सिरे से 1920 मीटर लंबे एयर स्ट्रीप का निर्माण किया गया है, इसमें 1800 मीटर मुख्य रनवे शामिल है।

**एलांयस एयर भी शुरू करेगी सेवा**

एलायंस एयर ने 72 सीटर विमान उताकर ट्रायल रन पूरा कर लिया है। इसकी रिपोर्ट DGCA को भेजी गई है. डीजीसीए से अनमति मिलने के बाद एलाएंस एयर हवाई सेवाएं शुरू कर सकती है. फिलहाल कंपनी की योजना अंबिकापुर-बिलासपुर हवाई सेवा शुरू करने की है. भविष्य में एलायंस एयर रायपुर-अंबिकापुर-वाराणसी की सेवा शुरू करने पर विचार कर सकती है।

# UNGA में नहीं होगी मोदी और यूनुस की मुलाकात, विदेश सलाहकार हुसैन से एस जयशंकर करेंगे बात

**ढाका,21 सितम्बर 2024।** संयुक्त राष्ट्र महासभा के अधिवेशन में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस की मुलाकात नहीं होगी। बांग्लादेश के विदेश सलाहकार तौहीद हुसैन ने कहा कि वह दोनों पड़ोसियों के बीच संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे।

हुसैन ने कहा कि सभी मुद्दों को सुलझाकर हम आपसी सम्मान और निष्पक्षता के आधार पर अपने रिश्ते को आगे बढ़ाना चाहते हैं। जयशंकर के साथ हमारी मुलाकात लगभग तय है। भारत के साथ हमारे संबंधों में तनाव है। किसी भी मुद्दे को हल करने के लिए हम भारत के अस्तित्व को नकार नहीं सकते। हम निश्चित रूप से तनाव से हटकर कामकाजी संबंध स्थापित करने के लिए आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे।





हुसैन ने कहा कि 84 वर्षीय नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इसलिए नहीं मिलेंगे क्योंकि प्रधान मंत्री मोदी यूनुस से पहले न्यूयॉर्क प्रस्थान कर जाएंगे। विदेशी सलाहकार ने कहा कि मोदी रविवार को न्यूयॉर्क के लिए रवाना होंगे जबकि बांग्लादेश का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को ढाका से रवाना होगा।

अंतरिम सरकार के बयानों के चलते बैठक न हो पाने के सवाल पर हुसैन ने कहा कि यह दोनों पक्षों को बैठकें करने से नहीं रोकता है। ऐसा भी हो सकता है जब बांग्लादेश को भारत की कई टिप्पणियां पसंद न हों। यह कोई बड़ा मुद्दा नहीं है। हम अपने पड़ोसियों को नहीं बदल सकते हैं, लेकिन केवल अच्छे संबंधों के साथ रह सकते हैं।

### बांग्लादेश में क्या हुआ

नौकरियों में विवादास्पद कोटा प्रणाली को लेकर अपनी सरकार के खिलाफ अभूतपूर्व सरकार विरोधी छात्र नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शन के बाद पांच अगस्त को हसीना ने इस्तीफा दे दिया और भारत चली गईं। हसीना के नेतृत्व वाली सरकार को अंतरिम सरकार द्वारा प्रतिस्थापित किया गया और 84 वर्षीय नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस को इसका मुख्य सलाहकार नामित किया गया। बांग्लादेश में हसीना सरकार के पतन के बाद देश भर में भड़की हिंसा की घटनाओं में 230 से अधिक लोग मारे गए, सरकारी नौकरियों में विवादास्पद कोटा प्रणाली के खिलाफ छात्रों द्वारा बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू होने के बाद से मरने वालों की संख्या 600 से अधिक हो गई है।

# अलगाववादियों ने न्यूजीलैंड के पायलट को किया रिहा,19 महीनों से बना रखा था बंधक

**यूजीलैंड, 21 सितम्बर 2024।** अशांत पापुआ क्षेत्र में एक साल से अधिक समय से बंधक बनाए गए न्यूजीलैंड के पायलट को अलगाववादी विद्रोहियों से छोड़ दिया। इंडोनेशिया के अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। बंधक बनाए पायलट की पहचान फिलिप मार्क्स मेहरटेंस के तौर पर की गई है, जो क्राइस्टचर्च के रहने वाले हैं। वह इंडोनेशिया एविएशन कंपनी सुसी एयर के लिए काम करते हैं। अलगाववादी विद्रोहियों ने शनिवार को फिलिप को कार्टेन्ज पीस टास्कफोर्स को सौंप दिया। बता दें कि कार्टेन्ज पीस टास्कफोर्स इंडोनेशिया की सुरक्षा बल है। टास्कफोर्स के प्रवक्ता बायु सुसेनो ने कहा, ÷वह हमें अच्छे स्वास्थ्य के साथ मिले। उन्हें स्वास्थ्य जांच के लिए तिमिका ले जाया गया है।÷ फ्री पापुआ मूवमेंट के एक क्षेत्रीय कमांडर एगियानस कोगोया के नेतृत्व वाली स्वतंत्रता



सेनानियों ने पिछले साल सात फरवरी को फिलिप मेहरटेंस का अपहरण किया था। कोगोया ने पहले कहा कि जब तक इंडोनेशिया सरकार पापुआ को एक संप्रभु देश बनने की अनुमति नहीं देती, तब तक वे फिलिप को रिहा नहीं करेंगे। हालांकि, इस बीच वेस्ट पापुआ लिबरेशन आर्मी ने कहा था कि वे फिलिप को एक साल तक बंधक बनाने के बाद रिहा कर देंगे।

नेयूजीलैंड सरकार ने बताया कि फिलिप मेहरटेंस, जिन्हें इंडोनेशिया के पापुआ में बंधक बनाया गया था, उन्हें अब छोड़ दिया गया है। विदेश मंत्री विंस्टन पीटर्स ने एक बयान जारी कर मेहरटेंस की रिहाई पर राहत व्यक्त की। उन्होंने कहा, ÷हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि फिलिप मेहरटेंस सुरक्षित और स्वस्थ हैं। वह अब अपने परिवार से बात करने के लिए सक्षम हैं। यह उनके परिवारवालों और दोस्तों के लिए राहत की खबर होगी।÷ विदेश मंत्रालय ने बताया कि पिछले 19 महीने से सरकारी एजेंसियां फिलिप मेहरटेंस को वापस लाने के लिए इंडोनेशियाई अधिकारियों के संपर्क में थी।

# लेबनान में हुए पेजर्स धमाकों में इस भारतीय का नाम आया सामने,जांच में चौंकाने वाला खुलासा

**बुल्गारिया,21 सितम्बर 2024।** लेबनान में हाल ही में हिजबुल्ला के सदस्यों को निशाना बनाकर किए गए पेजर्स धमाकों के चलते पूरे पश्चिम एशिया का तनाव बढ़ा हुआ है। अब इसे लेकर नया खुलासा हुआ है। दरअसल इन धमाकों की जांच में एक भारतीय का नाम सामने आया है। इस भारतीय की पहचान केरल के वायनाड से ताल्लुक रखने वाले रिनसन जोस के रूप में हुई है। रिनसन जोस के पास अब नॉर्वे की नागरिकता है। लेबनान में हुए पेजर्स धमाकों में 12 लोग मारे गए थे और हजारों लोग घायल हुए थे।

### बुल्गारिया की कंपनी का स्वामित्व भारतीय मूल के व्यक्ति के पास

पेजर धमाके की जांच में पता चला है कि हिजबुल्ला को पेजर की आपूर्ति करने वालों में बुल्गारिया की एक कंपनी भी शामिल है। इस बुल्गारियाई कंपनी का स्वामित्व



भारतीय मूल के रिनसन जोस के पास है। शुरुआती जांच में पता चला है कि पेजर्स में कथित तौर पर इस्राइल की खुफिया एजेंसी मोसाद ने तीन-तीन ग्राम विस्फोटक प्लांट किए थे। हिजबुल्ला ने पेजर्स सप्लाई का समझौता ताइवान की कंपनी गोल्ड अपोलो के साथ किया था। हालांकि धमाकों के बाद गोल्ड अपोलो ने कहा कि जिन एआर-924 पेजर्स में धमाके हुए, उनका निर्माण हंगरी के बुडापेस्ट स्थित कंपनी BAC द्वारा किया गया था। गोल्ड अपोलो ने कहा कि हंगरी की कंपनी के पास उनके उत्पाद बनाने का लाइसेंस है।

### कौन है रिनसन जोस

केरल के वायनाड में जन्में रिनसन जोस, कुछ साल पहले पढ़ाई के लिए नॉर्वे पहुंचे थे। रिनसन ने कुछ साल लंदन में भी बिताए और आखिरकार नॉर्वे की नागरिकता ले ली। रिनसन नॉर्वे में एक मीडिया चैनल के लिए डिजिटल कस्टमर सपोर्ट के रूप में काम कर चुके हैं। फिलहाल रिनसन काम के सिलसिले में नॉर्वे से बाहर हैं।

अब पता चला है कि हिजबुल्ला को भेजे गए पेजर्स की आपूर्ति में बुल्गारिया की कंपनी नोर्टा ग्लोबल लिमिटेड भी शामिल थी। नोर्टा ग्लोबल लिमिटेड कंपनी रिनसन जोस की है, जिसकी स्थापना रिनसन ने साल 2022 में की थी। हालांकि बुल्गारिया की पुलिस ने लेबनान में विस्फोट में फटे पेजर्स के बुल्गारिया में निर्माण या आयात-निर्यात की बात से इनकार किया है।

# समिट ऑफ द फ्यूचर की डायरेक्टर ने की पीएम मोदी की जमकर तारीफ, कहा-भारत बदलाव की अहम आवाज

**न्यूयॉर्क,21 सितम्बर 2024।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिवसीय अमेरिकी दौरे पर हैं। पीएम मोदी शनिवार को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में भविष्य के शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे और भविष्य के शिखर सम्मेलन को संबोधित भी करेंगे। भविष्य का शिखर सम्मेलन संयुक्त राष्ट्र के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि यूएन 2025 में अपनी स्थापना के 80वें वर्ष में प्रवेश करेगा।

### पीएम मोदी के आगमन पर हम उत्साहित हैं...

भविष्य का शिखर सम्मेलन की निदेशक मिशेल ग्रिफिन ने भारत की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि, भारत इस सम्मेलन में परिवर्तन की प्रमुख आवाज है। हम बेहद ही उत्साहित है कि पीएम मोदी आ रहे हैं। भारत विश्व पटल पर एक प्रमुख आवाज है और वैश्विक दक्षिण की महत्वपूर्ण आवाज है। इस शिखर सम्मेलन का एक बड़ा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि अंतर्राष्ट्रीय मंच पर वैश्विक दक्षिण के लोगों का प्रतिनिधित्व अधिक प्रभावी ढंग से बढ़ सके।




मिशेल ग्रिफिन ने कहा कि चाहे वह सुरक्षा परिषद में सुधार हो या सुरक्षा परिषद कैसे काम करती है या अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संरचना कैसे काम करती है, इस पर विचार करना हो। इस शिखर सम्मेलन में जिस तरह के बदलाव लाने की बात कही गई है, उसके लिए भारत एक प्रमुख आवाज रहा है। हम बहुत उत्साहित हैं कि प्रधानमंत्री आ रहे हैं और वह आवाज़ बनेंगे।

### भारत विश्व शांति के अभियानों में अहम खिलाड़ी है...

न्यूयॉर्क में हो रहे इस सम्मेलन में दुनियाभर के कई बड़े नेता शामिल हो रहे हैं। यह शिखर सम्मेलन पूरी दुनिया के नेताओं को एक साथ लाता है ताकि बेहतर वर्तमान बनाने और भविष्य को सुरक्षित करने के बारे में नई अंतर्राष्ट्रीय सहमति बनाई जा सके। सम्मेलन की निदेशक मिशेल ने कहा कि, भारत की आवाज अहम है, वह हमेशा पूरी दुनिया में शांति अभियानों में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी रहा है।

मिशेल ग्रिफिन ने कहा कि, इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य पूरे विश्व में विश्वास को बहाल करना और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की कार्यप्रणाली स्थिर करना है। हम इस बात की संभावनाएं तलाश रहे हैं कि, वैश्विक स्तर पर एक साथ मिलकर कैसे काम कर सकते हैं, ताकि हम अपने द्वारा पहले से किए गए सभी वादों को पूरा कर सकें, अपने लिए पहले से निर्धारित सभी लक्ष्यों को पूरा कर सकें। इसके अलावा हम भविष्य में आने वाली सभी चुनौतियों, जोखिमों और अवसरों को भी देख रहे हैं और यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं कि संयुक्त राष्ट्र और अंतर्राष्ट्रीय संगठन उन चुनौतियों के लिए तैयार हो। हम केवल कुछ लोगों के लिए नहीं बल्कि पूरी मानवता के लिए उन सभी अवसरों का दोहन करने के लिए भी तैयार हैं।

# चीन से मुकाबले के लिए भारत-अमेरिका को मिलकर काम करने की जरूरत,क्वाड बैठक से पहले बोले सांसद थानेदार

**न्यूयॉर्क,21 सितम्बर 2024।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को तीन दिवसीय अमेरिका दौरे पर पहुंचेंगे। इस दौरे में क्वाड शिखर सम्मेलन, राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ द्विपक्षीय बैठक और नैसो स्टेडियम में भारतीय समुदाय के सामने संबोधन शामिल है। क्वाड बैठक में चीन एक प्रमुख मुद्दा होगा। अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (एनएससी) के सामरिक संचार समन्वयक जॉन किर्बी ने बृहस्पतिवार को कहा था कि चीन निश्चित रूप से शिखर सम्मेलन के एजेंडे में सबसे ऊपर होगा। वहीं, बैठक से पहले भारतीय मूल के सांसद श्री थानेदार ने कहा कि भारत और अमेरिका को मिलकर चीन का मुकाबला करना होगा।

पीएम मोदी एक करिश्माई नेता श्री थानेदार

श्री थानेदार ने कहा, चीन बहुत आक्रामक होता जा रहा है और भारत व अमेरिका को मजबूत संबंध बनाने होंगे, चाहे वह प्रौद्योगिकी क्षेत्र में हो या रक्षा,विज्ञान या वाणिज्य में। हमें भारत के साथ एक मजबूत संबंध की जरूरत है। केवल एक मजबूत भारत-अमेरिकी संबंध ही चीन को आक्रामकता को रोक सकते हैं। पीएम मोदी की राष्ट्रपति बाइडन के साथ बहुत अच्छी केमिस्ट्री है। पीएम मोदी के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ भी बहुत अच्छे संबंध हैं। वह एक करिश्माई नेता हैं और अमेरिका पीएम मोदी के नेतृत्व को महत्व देता है, जो उन्होंने भारत को दिया है।÷



### मानवाधिकारों का पालन नहीं करता चीन

उन्होंने कहा, चीन का बौद्धित संपदा और तकनीकी नवाचार के प्रति कोई सम्मान नहीं है। चीन मानवाधिकारों का पालन नहीं करता और उसे आर्थिक मामलों में अनुचित लाभ हासिल है। इसलिए हमें,चीन की आक्रामकता को संतुलित करने की जरूरत है। जब भारत और अमेरिका मिलकर काम करेंगे, तो यह बहुत आशाजनक होगा। मेरा मानना है कि राष्ट्रपति बाइडन पीएम मोदी को यह बताने वाले हैं कि चाहे वह रक्षा या प्रौद्योगिकी हो या एआई या औषधीय तकनीक हो, हर क्षेत्र में मजबूत सहयोग की जरूरत है। हमें एक-दूसरे की मदद करने और दोनों देशों के लिए लोगों के लाभ के लिए मिलकर काम करना चाहिए।

मिशिनग के 13वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाले श्री थानेदार ने कहा कि क्वाड शिखर सम्मेलन दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करने का एक अवसर है। उन्होंने कहा, इसका एक बड़ा हिस्सा आर्थिक सहयोग है। इन चार देशों को एक-दूसरे की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करना होगा। कोरोना महामारी के दौरान सभी जगह अर्थव्यवस्था में गिरावट आई थी, लेकिन अमेरिका ने जल्द ही इन समस्याओं से बाहर निकलने में सफलता पाई।

# सुप्रीम कोर्ट ने पाकिस्तान सरकार को दिया झटका, पिछली तारीख से कानून लागू करने पर लगाई रोक

**इस्लामाबाद, 21 सितम्बर 2024।** पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने शहबाज शरीफ सरकार को झटका देते हुए संसद द्वारा उन कानूनों को पिछली तारीख से लागू करने पर रोक लगा दी है, जिनसे लोगों के अधिकार प्रभावित होते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि राष्ट्रीय या प्रांतीय असेंबली ऐसे कानून नहीं बना सकतीं, जो लोगों को संविधान में मिले मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करते हों।

### सरकार के इस कदम पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला पाकिस्तान की नेशनल असेंबली के स्पीकर अयाज सादिक द्वारा चुनाव आयोग को भेजे पत्र के बाद सामने आया है। इस पत्र में अयाज सादिक ने चुनाव आयोग से मांग की कि संसद ने हाल ही में चुनाव कानून में जो बदलाव किए हैं,



उन्हें पिछली तारीख से लागू किया जाए। इन बदलावों के तहत निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव में जीत के बाद किसी राजनीतिक पार्टी में शामिल नहीं हो सकेंगे।

### संविधान के अनुच्छेद 8 का दिया हवाला

सरकार के इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की गई। जिस पर सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की पीठ की अध्यक्षता कर रहे जस्टिस सैयद मंसूर अली शाह ने फैसले में कहा कि संविधान का अनुच्छेद 8 संसद और प्रांतीय विधानसभाओं को ऐसे किसी भी कानून को बनाने से रोकता है, जो लोगों के संवैधानिक अधिकारों को प्रभावित करते हैं। न्यायमूर्ति शाह ने कहा कि यह निषेध भावी और पूर्वव्यापी दोनों कानूनों पर समान रूप से लागू होता है। पूर्वव्यापी कानून पिछले समय की बात करते हैं और कानून बनने से पहले हुई चीजों के लिए नियमों को बदलते हैं। दूसरी ओर, भावी कानून भविष्य में लागू होने वाले नियमों के बारे में बताते हैं।

# छत्तीसगढ़ के हर उग्र आंदोलन के पीछे भ्रष्ट अधिकारी जिम्मेवार:रितु पन्दराम

**– संवाददाता –**
**उदयपुर/गौरेला-पेंड्रा, 21 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।**

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के आंदोलन को नेतृत्व देने गौरेला पेंड्रा से सरगुजा के डांडगांव पहुंची सुश्री रितु पन्दराम ने छत्तीसगढ़ के राजस्व प्रशासन को कंपनियों का नौकरशाही करने का आरोप लगाते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में जितने भी भूमि आंदोलन हो रहे हैं, उन सब मुद्दों का कारण ही भ्रष्ट राजस्व अधिकारियों एवं भू माफियाओं का गठजोड़ है।

सरकार पांचवीं अनुसूची क्षेत्रों में विधि विरुद्ध तरीकों से भूमि अधिग्रहीत कर रही है , पारदर्शिता के कमी के कारण प्रशासन के हर जन सुनवाई पर सवाल उठते रहे हैं।

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत 21 सितंबर को नेशनल हाइवे 130 अम्बिकापुर -बिलासपुर सड़क मार्ग के बगल में स्थित डांडगांव के स्कूल ग्राउंड में प्रदर्शन किया गया।

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता जयनाथ सिंह केराम एवं यूवा मोर्चा के प्रदेश महासचिव सुश्री रितु पन्दराम के






नेतृत्व में गोंगपा कार्यकर्ता पहले डांड़गांव के आस्था स्थल डंडगोइहा ठाकुर देव में पूजा अर्चना कर सभा को गोंगपा नेताओं ने संबोधित किया

### क्या है पूरा मामला

गोंगपा आंदोलनकारियों ने जिला प्रशासन सहित स्थानीय राजस्व प्रशासन पर शासकीय भूमियों पर भू माफिया को काबिज कराने ,फर्जी पट्टे बनाने,और भू माफियाओं को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के बैनर तले आंदोलन किया गया।

गौरतलब है कि विकास खंड उदयपुर के फुलचूही शासकीय हाईस्कूल के शासकीय मैदान पर एक व्यक्ति द्वारा जबरन कब्जा कर लेने और मकान बना लेने के मामले पर अतिक्रमण हटाने की मांग पर अड़े हुए थे ,उक्त मामले पर गोंगपा का आरोप है कि राजस्व न्यायालय के बेदखली आदेश के बाद भी अतिक्रमण नही हटाया गया है ।

वहीं एक दूसरे मामले में ग्राम पंचायत डाड़गांव में रेशम विभाग को आबंटित भूमि पर बाहरी व्यक्ति के द्वारा फर्जी दस्तावेजों के आधार पर वन पट्टा प्राप्त करने तथा अन्य गौचरमद के भूमि अवैध कब्जे को हटाने की मांग किया है , ग्रामीणों ने बताया कि अतिक्रमणकर्ता राजस्व पटवारियों के साथ चैन मैन का काम देखता है और उसने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर अवैध कब्जा कर रखा है ,मामले पर विगत सात वर्षों से दर्जनों शिकायत के बाद भी प्रशासनिक अधिकारियों के संरक्षण में बाहरी भू -माफियाओं का अवैध कब्जा बढ़ रहा है जिससे क्षेत्र के लोग भयभीत हैं।

ग्रामीण ने कहा कि नेशनल हाइवे डाडगांव के यात्री प्रतीक्षालय को भी अवैध कब्जा कर उस पर शटर लगा करके दुकान चलाया जा रहा है।

### जब शोकाकुल पत्रकार के घर को उगते सूरज के साथ ध्वस्त किया जा सकता है तो माफियाओं पर कार्यवाही क्यों नही:केराम

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता जयनाथ सिंह केराम ने जिला प्रशासन सरगुजा के कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि भाजपा शासन में आदिवासियों को उजाड़ने, अल्पसंख्यकों पर हमले ,और पत्रकारों को धमकाने का अवैध कारोबार चल रहा है ।

राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि जब अम्बिकापुर के पत्रकार के मकान को बिना नोटिस के ही उगते सूरज के साथ ही ध्वस्त किया जा सकता है तो अन्य बाहरी अतिक्रमणकर्ताओ को संरक्षण क्यों दिया जा रहा है।

एसडीएम उदयपुर बन सिंह नेताम द्वारा लिखित और मंच से हजारों ग्रामीणों को आठ दिन के भीतर कार्यवाही का आश्वासन दिए जाने के बाद आंदोलन समाप्त किया गया।

इस दौरान गोंडवाना के जिलाध्यक्ष नवल सिंह वरकड़े, रामजीत आरमोर, विजय कोर्राम, देवलोचन, गणेश्वर टेकाम, समला सिंह, मनबोध सिंह, देवेंद्र, समल सिंह, प्रभु नारायण, बैकुंठपुर के राजेश पोया, बुतरू, मनीष मरावी प्रदेश उपाध्यक्ष जीएसयू सहित हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए।

# मनेंद्रगढ़ जनपद कार्यालय का रसूखदार लेखापाल
# रिश्वत लेते एसीबी के हत्थे चढ़ा



-रवि सिंह-
मनेंद्रगढ़,21 सितम्बर 2024
(घटती-घटना)।

बीते शुक्रवार को मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर जिले के मनेंद्रगढ़ जनपद कार्यालय में एसीबी की टीम ने दबिश देकर लेखापाल सत्येंद्र सिन्हा को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा लिया। उसके बंद कमरे में एसीबी के डीएसपी सहित कई अधिकारियों ने पूछताछ की और फिर जनपद के लेखापाल सत्येंद्र सिन्हा को रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। जिसे अंबिकापुर ले जाया गया है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उसे शुक्रवार को बैकुंठपुर न्यायालय में पेश किया गया था।

मिली जानकारी के अनुसार पिछले कई वर्षों से एक ही पद पर विराजमान मठाधीश सत्येंद्र सिंह को जनपद का अंगद कहा जाता था, वह अब एंटी करप्शन ब्यूरो गिरफ्त में आ गया है, अकूत संपत्ति का मालिक बंद कमरे में एंट्री करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों को भी सेट करने का प्रयास कर रहा था, कई लाख रुपए देने की बात कर रहा था किंतु ईमानदार अफसर के आगे उसकी एक भी नहीं चली और अंत में उसे अपने किए गए अपराध के कारण उसे गिरफ्तार होना पड़ा।




## मनेंद्रगढ़ का सबसे धनाढ्य व्यक्ति कहना भी गलत नहीं होगा लेखापाल सिन्हा को

लेखापाल सिन्हा मनेद्रगढ़ का सबसे धनाढ्य व्यक्ति है यह कहना भी गलत नही होगा यदि सूत्रों की माने तो। अकूत संपत्ति का मालिक दान पुण्य में शहर का सबसे बड़ा दानी भी था जो अवैध कमाई के भरोसे वह देता था और एक मंदिर निर्माण भी भव्य उसने कराया है यह बताया जाता है।

## इनके साथ काम करने वाले सप्लायर भी बने करोड़पति

बाजार में यह भी चर्चा है कि कभी इनका खास रहने वाला एक सप्लायर जो आज कई करोड़ का आसामी बना बैठा है उसने ही एंटी करप्शन ब्यूरो और आवेदक को तैयार कर पूरा षड्यंत्र रचा है अब यह बात कितना सही है श्री राम जाने..।

## आय से ज्यादा संपत्ति कर रखा अर्जित

सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार सिन्हा की मनेद्रगढ़ सहित अंबिकापुर में कई करोड़ की संपत्ति होनी बताई जाती है,कहते हैं कि मनेंद्रगढ़ में ऐसा कोई वार्ड नहीं है जहां उसका घर नहीं है या फिर उसकी जमीन नहीं है कई वार्डों में तो दो-दो तीन-तीन जमीन हैं सिर्फ अपने और अपने परिवार के विभिन्न सदस्यों के नाम पर करोड़ों रुपए की जमीन खरीद रखी है, कई सरकारी जमीनों पर भी इसने कब्जा जमाया हुआ है दर्जनों घर इसके किराए में चल रहे हैं,बस स्टैंड के पीछे नदी की जमीन को कब्जा कर ईसने करोड़ों रुपए का घर बनाया है जिसे उस मोहल्ले का सबसे खूबसूरत घर बताया जाता है और उसमें रहने वाले लोगों ने बताया कि बाजार की दर से उन्हें दुगने दर पर यहां पर किराया देना पड़ता है क्योंकि उस घर में लगने वाली सामग्रियां काफी महंगी है सजावट में भी काफी पैसा इसके द्वारा खर्च किया गया है इसलिए हमें उसका अधिक पैसा पटाना पड़ता है।

## एक स्कूल भी है संचालित

शहर के मध्य इसके द्वारा अपने परिवारजनों के नाम पर एक बड़ा स्कूल भी संचालन कराया जा रहा है जिसका नाम गुरुकुल बताया जा रहा है जहां 500 बच्चे पढ़ते हैं यह सूत्रों का कहना है जो काफी महंगा होना बताया जाता है उसमें भी उसने अपनी काली कमाई का बड़ा हिस्सा लगा दिया है सत्ता किसी की भी हो सिन्हा बाबू की अपनी सत्ता चलती थी वह किसी का नहीं सुनता था काफी मीठा बोलता था धीरे बोलता था, उसे यदि पता चल जाए कि इस व्यक्ति से उसका नुकसान हो सकता है तो उसे मुस्कुरा कर मिलकर अपने कार्यालय में चाय पिलाता था और उसकी आवश्यकताओं की पूर्ति करता था यही कारण था कि बलशाली लोग उसके गुलाम हो चुके थे और वह अपने वसूली और उगाही के कार्यक्रम को निरंतर जारी रखा था।

## 18 से 19 लाख नगद घर से हुआ बरामदःसूत्र

सूत्रों की माने तो लेखापाल को उनके घर लेकर भी गई एसीबी की टीम जहां से नकद 18 से 19 लाख बरामद हुआ वहीं इसमें जेवरात भी शामिल हैं नहीं हैं इसकी पुष्टि नहीं हुई।

## घर से कई स्थाई संपत्तियों के दस्तावेज भी हुए जब्तःसूत्र

सूत्रों की माने तो लेखापाल के घर से कई स्थाई संपत्ति के दस्तावेज भी बरामद हुए जिनमे जमीन संबधी दस्तावेज ज्यादा थे। बताया जा रहा है की एसीबी को भी इतने बड़े पैमाने पर बरामदगी की खुलासे की अकूत संपत्ति की संभावना नहीं थी।

## लगभग आधा दर्जन ठेकेदारों के नाम से करता था यह सप्लाई और निर्माण कार्य

एंटी करप्शन ब्यूरो की बड़ी कार्यवाही के बाद शहर में एक चर्चा आम हो चली है कि सिन्हा बाबू के सिपहसालार जो रात दिन उनके आगे पीछे उनके हर हां पर हां करने वाले लोग जो उसके फर्जी काम में उसका सहयोग करते थे और उसके आशीर्वाद से खुद अपने नाम पर सप्लाई लेते थे और फर्जी भुगतान करवाते थे क्या उन पर भी इसी प्रकार की कार्यवाही होगी? क्या एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारी इन्हें भी पूछताछ के लिए बुलाएंगे या इन पर भी मुकदमा दर्ज करेंगे? यह बड़ा सवाल पूरे मनेद्रगढ़ शहर में बना हुआ है।

## सरपंच के शिकायत पर एंटी करप्शन ब्यूरो की कार्रवाई

एसीबी के डीएसपी प्रमोद कुमार ने पत्रकारों को बताया कि ग्राम लालपुर सरपंच के महेंद्र सिंह के द्वारा एसीबी को 2 सितम्बर 2024 को शिकायत दर्ज कराई थी। वर्ष 2019-20 मे सीसी रोड़ और निर्मला घाट के निर्माण कार्य के लिए जिला और जनपद पंचायत लगभग 8 लाख 60 हजार रूपये स्वीकृत हुआ था, उसके बाद पंचायत के द्वारा निर्माण कार्य पूरा कराया गया था। जिसकी अंतिम किस्त 4 लाख 74 हजार जारी करने के लिए 20 हजार रूपए रिश्वत की मनेंद्रगढ़ जनपद के लेखपाल सत्येंद्र सिन्हा के द्वारा रिश्वत की मांग की जा रही थीज्आज एसीबी की टीम ने जनपद पंचायत मे दबिश देकर 19 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है। उसके बाद लेखपाल के चेम्बर मे बंद कमरे मे पूछताछ की जा रही थी,काफी देर तक जनपद कार्यालय में गहमागहमी का माहौल बना रहा।पूछताछ करने के बाद एसीबी की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके बाद लेखपाल के घर पर भी बड़ी कार्यवाही की गई है।

## इनके चहेते ठेकेदार व सप्लायर का था कार्यालय में दबदबा

मनेद्रगढ़ जनपद में पिछले एक दशक से जिन सप्लायरों और ठेकेदारों का दबदबा था वह भी शहर के सबसे तेज करोड़पति बनकर तरक्की करने वाले लोगों में शुमार हो चले हैं यदि एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारी इन फर्जी कंपनी बनाकर फर्जी सप्लायर की खोज कर ले तो पता चलेगा कि सिन्हा बाबू के ही इस वज्र भ्रष्टाचार में अकेले दोषी नहीं है, उनके इर्द-गिर्द घूमने वाले सप्लायर और ठेकेदार भी भ्रष्टाचार में उनका पूरा सहयोग करते आ रहे हैं और खूब मालामाल हो चले हैं यह लोग सभी सरपंचों को सिन्हा बाबू का धमकी देकर बलपूर्वक काम हथियाने का काम करते थे और मात्र 5 से 10 परसेंट सरपंचों सचिवों को पैसा देकर पूरे कार्य को खुद करते थे और आज भी कई कार्य कर रहे हैं यदि इसकी जांच की जाए तो एक बड़ा स्कैंडल का खुलासा हो सकता है, चर्चित ठेकेदारों और सप्लायरों में जब एंटी करप्शन ब्यूरो कार्रवाई कर रही थी तो बाहर यह कहा जा रहा था की बॉस हमारे बॉस हैं सेटिंग में महारत हासिल है सब बैठे-बैठे मैनेज कर लेंगे एक मांगेंगे एक लाख दिया जाएगा इसीलिए हम सब खड़े हैं और देखो आधे घंटे के अंदर सब मामला रफा दफा हो जाएगा अभी ऊपर के भी अधिकारियों को फोन आएगा इन एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों को वापस जाना ही पड़ेगा,वही एक सप्लायर कह रहा था, पहले भी ऐसे अधिकारी आते रहे हैं और बस उन्हें मैनेज करते रहे हैं यह सतत चलने वाली प्रक्रिया है इससे आप सब घबराइए मत अभी दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा...।



# जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में वजन त्यौहार का आयोजन

### कुपोषण मुक्ति हेतु जागरूकता और पोषण की दी गई जानकारी

-संवाददाता-
खड़गवां,21 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत जिले के सभी परियोजना स्तर के आंगनबाड़ी केंद्रो में प्रतिदिन पोषण व स्वच्छता संबंधी विभिन्न गतिविधियां आयोजित हो रही है। 23 सितम्बर 2024 तक सभी केंद्रों में वजन त्यौहार मनाया जा रहा है। जिसके तहत् खड़गवां मुख्यालय के आंगनबाड़ी केंद्र गढीपारा विगत दिवस वजन त्यौहार मनाया गया इस वजन त्यौहार में आंगनबाड़ी केंद्र के सभी महिलाओं एवं बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया इस में 0 से 06 वर्ष के बच्चों का वजन एवं ऊंचाई मापना,पोषण स्तर की जांच एवं बच्चों के अभिभावकों को पोषण संबंधित जानकारी दिया गया । आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के द्वारा शिशुवती माताओं व अन्य हितग्राहियों को पोषण के संबंध में पूरी जानकारी प्रदान करने तथा बच्चों के स्वास्थ्य का उचित ध्यान रखने हेतु जागरूक किया गया है। इसके साथ ही माताओं एवं गर्भवती महिलाओं को वजन त्यौहार के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान किया गया है। विभागीय योजनाओं जैसे सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मातृवंदना,नोनी सुरक्षा योजना के बारे में भी जानकारी दी गई और लाभ लेने प्रेरित किया गया। गौरतलब है कि राज्य शासन की मंशानुरूप कुपोषण से मुक्ति के लिए जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में वजन त्यौहार का आयोजन किया गया है, इसमें 0 से 6 साल के सभी बच्चों के वजन और ऊंचाई को दर्ज किया जा रहा है।

### परियोजना अधिकारी के आदेश का नहीं करती है कुछ कार्यकर्ता पालन

वजन त्यौहार मनाने के लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यकर्ताओं को सहयोग के लिए परियोजना स्तर से डिप्युटी लगाई गई थी मगर यहां कुछ कार्यकर्ता के द्वारा जहां पर वज़न त्यौहार मनाने के लिए डिप्युटी लगाई गई थी नहीं गई उस आंगनबाड़ी केंद्र में ।

# श्रद्धा महिला मंडल स्वरोजगार व आत्मनिर्भरता बनाने के उद्देश्य से तीन नाग ठेला गाड़ी व गन्ना मशीन का किया वितरण

-संवाददाता-
सूरजपुर,21 सितम्बर 2024
(घटती-घटना)।

एसईसीएल श्रद्धा महिला मंडल जरूरतमंदों के लिए हमेशा अग्रसर रहती हैं और हर बार जरूरतमंदों की मदद करने के लिए उनकी संस्था अनूठा पहल करती है जिस वजह से जरूरतमंदों को भी कई तरह के लाभ मिल जाते हैं, एक बार फिर एसईसीएल श्रद्धा महिला मंडल ने भटगांव क्षेत्र के मनोरंजन गृह जरही में एक कार्यक्रम आयोजित करते हुए जरूरतमंदों को स्वरोजगार व आत्मनिर्भर बने की दिशा में पहल की है, भटगांव क्षेत्र के समीपस्थ प्रभावित गाँवों से जरूरतमंद ग्रामीणों को स्वरोजगार हेतु आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 3 नग ठेला गाड़ी, गन्ना मशीन एवं अन्य सामग्रियों का वितरण। इस स्वरोजगार मोहाय करने की दिशा में कदम उठाते हुए तीन लोगों को रोजगार का साधन उपलब्ध कराया एक व्यक्ति को सब्जी के साथ ठेला गाड़ी दी गई ताकि वह सब्जी बेचकर जीवन यापन कर सके, एक व्यक्ति को गन्ना मशीन के साथ ठेला गाड़ी दी गई, ताकि वह उसे कार्य से जीवन यापन कर सके वहीं तीसरा ठेला भी दिया गया जिसके तहत वह भी अपना जीवन यापन कर सके, इस तरह से श्रद्धा महिला मंडल ने तीन लोगों को रोजगार दिया ताकि वह आत्मनिर्भर बन सके, इस दौरान श्रद्धा महिला एसईसीएल की अध्यक्षा श्रीमती पूनम मिश्रा और उनके सहयोगियों के द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों से प्रेरित होकर समाज के प्रति अपने उतरदायित्व को निभाते हुए, भटगांव क्षेत्र की सुहानी महिला समिति के सदस्यों के बीच आज पूनम मिश्रा, अपने सहयोगियों संगीता कापरी, अनीथा फैंकलिन, इप्शिता दास, बबीता गुप्ता, पूनम सिंह उपस्थित रहीं। इस कार्यक्रम में रोजी कुमार, अध्यक्षा, सुहानी महिला समिति और मेरे साथ सुहानी महिला समिति की सभी सदस्याओं ने अपनी अहम भूमिका निभाई, जिसके फलस्वरुप यह कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।


सब्जियां ठेला गनीता देवी को दिया गया।


मुर्रा भुजा का ठेला मीरा देवी को दिया गया।


गन्ना मशीन का ठेला राधा को दिया गया।

## इन तीन लोगों को स्वरोजगार हेतु मिली सामग्री

भटगांव क्षेत्र के समीपस्थ प्रभावित गाँवों से जरूरतमंद ग्रामीणों को स्वरोजगार हेतु आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 3 नग ठेला गाड़ी, गन्ना मशीन एवं अन्य सामग्रियों का वितरण किया। जिसमें श्रीमती गनीता देवी, निवासी-जंगलपारा को विभिन्न प्रकार की मौसमी सब्जियों के साथ सब्जी ठेला, श्रीमती राधा, निवासी-बरौधी को गन्ना एवं गन्ना मशीन के साथ ठेला गाड़ी तथा श्रीमती मीरा देवी, निवासी-जरही को चना - मुर्रा भुजा ठेला भुजा बनाने की सभी सामग्रियों के साथ प्रदान किया गया।




# पुलिस संरक्षण में अवैध कारोबार जोरों पर,शासन के निर्देशों की हो रही अनदेखी

-राजेन्द्र शर्मा-
खड़गवां,21 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

खड़गवां थाना क्षेत्र में अवैध कारोबार बड़ी जोरों पर फल फूल रहा है जबकि छत्तीसगढ़ शासन के मुखिया ने जिले के सभी कलेक्टरों एवं पुलिस अधीक्षको कि कांफ्रेंसिंग में जिले में चल रहे अवैध धंधों को पूर्णतः बंद करने के निर्देश दिए गए हैं उसके बाद भी खड़गवां थाना क्षेत्र में अवैध कारोबार पर अंकुश नहीं लग पाया है। सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार खड़गवां थाना क्षेत्र में चल रहे अवैध कारोबार में पुलिस का संरक्षण प्राप्त अवैध कारोबारी कर रहे हैं धड़ल्ले से कारोबार एक दो पुलिसकर्मी जो पिछले कई वर्षों से गृह ग्राम के थाना में मठाधीश बनकर बैठे हैं और सहयोग कर रहे हैं। सूत्रों से जानकारी मिली कि कुछ दिन पहले ही बहालपुर में अवैध गांजा तस्करी करते हुए पकड़े गए थे जिसे वहीं लेनदेन करके छोड़ा गया आपको जानकारी है कि खड़गवां क्षेत्र में कई ऐसी अवैध गांजा शराब कारोबार करने वाले मामले उजागर हुए हैं पर खड़गवां पुलिस मामले को गंभीरता में लेना ही नहीं चाहती है ? खड़गवां में लगातार अवैध गांजा शराब तस्करी करने वाले को साह देने वाली कुछ कथित थाना के स्टाप के द्वारा तस्करी करने में उसका सहयोग प्रदान कर रहे हैं? धड़ले से अवैध कारोबार कर मध्य प्रदेश से शराब एवं गांजा तस्करी कर रहे है। जहां पर गुरु दक्षिणा लेकर पुलिस स्टाफ तथा सहयोग प्रदान कर रहे है।

CMYK

# इनकम टैक्स ऑफिसर एवं साइबर अधिकारी बनकर लूटपाट करने वाले सात आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

-संवाददाता-
कोरबा,21 सितम्बर 2024
(घटती-घटना)।



पुलिस से मिली जानकारी अनुसार प्रार्थी शिवकुमार राजपूत पिता शेरसिंह राजपूत उम्र 28 साल, साकिन इमलीडुग्गू थाना कोतवाली जिला कोरबा (छ.ग.) का दिनांक 20.09.2024 को थाना कोतवाली उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि मैं फ्लोरा मैक्स प्राईवेट कंपनी में एचआर के पद पर कार्यरत हूं,मेरे कंपनी का ऑफिस सिटी सेंटर मॉल कोरबा में है कि दिनांक 20.09.2024 को करीबन 10.30 बजे मै अपने ऑफिस मे काम कर रहा था, वहीं ऑफिस के अन्य स्टाफ भी काम कर रहे थे कि करीबन 11.45 बजे ऑफिस में 6 अज्ञात व्यक्ति लोग आये तथा आई कार्ड दिखाते हुए हम लोग इनकम टैक्स एवं साइबर विभाग से हैं तुम लोग गलत कार्य कर रहे हो अपना अपना मोबाइल बंद करो हिन्दी में बोलते हुये सभी को डरा धमका कर ऑफिस के काउंटर से करीबन दो लाख पैतिस हजार नगद तथा पांच नग लैपटॉप एवं ऑफिस के कागजात को एवं ऑफिस में लगे सीसीटीवी कैमरा का डीवीआर को निकाल कर एवं लुटकर तथा मुझे और मेरे साथ काम करने वाले उज्जवल सिंह, हरिश पटेल को डरा धमकाकर जबरदस्ती अपने साथ लाए सफेद स्कॉर्पियो एवं स्विफ्ट कार में अपहरण कर बैठा लिये और हाथ मुक्के एवं लकड़ी से मारपीट किये है तथा अपने साथ शहर में तथा शहर के बाहर घूमाकर डरा धमकाकर तीनों को रिस्दी चौक के आगे जंगल में करीबन 02.00 बजे छोड़ दिये थे तब हमलोग अपने आफिस आये और घटना के बारे में कंपनी के लोगो को जानकारी दि। अज्ञात आरोपियों में से एक कम उचाई का पतला दुबला तथा पांच लोग हट्टे कट्टे लम्बे कद के पेंट,शर्ट, जिन्स,टि शर्ट पहने थे जिनको देखने से पहचान लुंगा । उक्त मामले की रिपोर्ट पर तत्काल घटना को गंभीरता से लेते हुये घटना के बारे में वरिष्ठ अधिकारियों पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर अति0 पुलिस अधी0 यू0बी0एस चौहान एवं नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा भूषण एक्का के मार्गदर्शन पर मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल पुलिस टीम गठित कर तथा सायबर सेल की सहायता से कोरबा जिला के संपूर्ण थाना/चौकी में नाकाबंदी / घेराबंदी कर आरोपी ओम आनंद से पूछताछ करने पर अपने मेमोरेण्डम में अपने साथी रोहन मण्डल, रिक्की एवं अफ्लोरा कंपनी में कार्य करने वाला उज्वल के साथ मिलकर अपराधिक षड्यंत्र लूट करने का अपराध घटित करने की योजना बनाकर आरोपी ओम साहू अपने साथी दिल्ली निवासी गुलशन एवं कोरबा शहर के बाउंसर काम करने वाले राजू बंजारे, रामचन्द दलाई,कृष्णा राजपूत को भी 1000-1000 रू. मेहताना दूंगा कहकर अपने साथ अफ्लोरा ऑफिस सिटी सेंटर मॉल कोरबा में जाकर योजनाबद्ध तरीके से इनकम टैक्स अधिकारी एवं साइबर विभाग के लोग है कहकर डरा धमकाकर करीबन 2.35,000 रू. एवं कागजात 05 नग लैपटॉप, 01 सी.सी.टी.वि कैमरा का डीव्हीआर को लूटकर वहां कार्यरत 03 कर्मचारियों को जबरदस्ती अपहरण कर अपने साथ वाहन में बैठाकर ले गये थे जहां रिस्दी जंगल में मारपीट कर छोड़ दिये थे आरोपी के मेमोरेण्डम पर लूटे गये रकम 232000 रू. एवं कागजात 05 नग लैपटॉप, 01 सीसीटीव्ही कैमरा का डीव्हीआर बरामद किया गया। पकडे गए आरोपी 1. ओम आनंद पिता अमलेश, उम्र 26 साल, साकिन दर्री पावर सिटी थाना दर्री जिला कोरबा (छ.ग.)। 2. गुलशन तोमर पिता विजेन्द्र सिंह उम्र 28 साल सस0 लोनी थाना लोनी गजियाबाद (उत्तर प्रदेश) 3. रोहन मण्डल पिता भोला मण्डल उम्र 24 साल साकिन दर्री जयभगवान गली थाना दर्री जिला कोरबा 4. रामचन्द दलाई पिता प्रताप दलाई उम्र 29 साल साकिन मुड़ापार चौकी मानिकपुर थाना कोतवाली जिला कोरबा 05. राजू बजारे पिता स्व. मनीराम उम्र 34 साल साकिन पाडीमार डुग्गूपारा थाना बालकोनगर जिला-कोरबा (छ.ग.) 6. हर्ष दास पिता उमेन्द दास उम्र 18 साल साकिन अमरैयापारा चौकी मानिकपुर जिला कोरबा 7. कृष्णा राजपूत पिता स्व. नवरतन उम्र सुभाष ब्लॉक एस.ई.सी.एल, कोरबा को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। संपूर्ण कार्यवाही में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक एमबी पटेल के नेतृत्व में सउनि अजय सिंह, सउनि टंकेश्वर यादव,आर0 चन्द्रकांत गुप्ता, आर0 सुनील सिंह, आर0 आलोक पाण्डेय तथा सायबर टीम सउनि अजय सोनवानी, प्रआर0 गुनाराम सिन्हा, आर0 सुशील यादव, आर0 प्रशांत सिंह, आर0 डेमन ओग्रे, आर0 आलोक टोप्पो की सराहनीय भूमिका रही।

## 23 तक मनाया जाएगा वजन त्यौहार

-संवाददाता-
बलरामपुर,21 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

जिले में बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य एवं सुपोषण के लिए पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान बच्चों के सुपोषण,माताओं को पोषण आहार प्रदान करने के साथ ही उनके अभिभावकों को पौष्टिक आहार के प्रति जागरूक किया जा रहा है। आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों का वजन त्यौहार 23 सितम्बर 2024 आयोजित किया जाएगा।जिले में बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और सुपोषण को सुनिश्चित करने के लिए ष्पोषण माहष् का आयोजन हो रहा है। इस पोषण माह के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से कई जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इनमें पोषण से जुड़ी जानकारी, संतुलित आहार के लाभ, स्वच्छता के महत्व और विटामिन और खनिज तत्वों से भरपूर भोजन के बारे में बताया जा रहा है। इसके अलावा, गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष रूप से पोषण जागरूता कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा हैं। डीपीओ श्री बसंत मिंज ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत् आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण माह अंतर्गत जनसमुदाय को पोषण संबंधी परामर्श दिया जा रहा है। इस दौरान, बच्चों के वजन और ऊंचाई की नियमित जांच की जा रही है और जो बच्चे कुपोषित पाए जाते हैं, उन्हें आवश्यक पोषण सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है।जिले के आगनवाड़ी केंद्रों में इस अभियान के तहत् कार्यशाला भी आयोजित की जा रही हैं, ताकि समाज के हर वर्ग तक पोषण संबंधी जानकारी पहुंचाई जा सके।

## जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला एवं आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

### शिविर में 1140 मरीजों का रोग निदान कर पहुंचाया गया स्वास्थ्य लाभ

-संवाददाता-
कोरबा,21 सितम्बर 2024
(घटती-घटना)।



कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी भी डॉ. उदय शर्मा एवं डॉ. राम कुमार के नेतृत्व में आज घण्टाघर ओपन थियेटर मैदान में एक दिवसीय निःशुल्क जिला स्तरीय आयुष चिकित्सा शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य शासन के निर्देश पर आयुष मेला/स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। यह शिविर आयुर्वेद पर भरोसा करने वालों के लिए लाभदायक है। शिविर में पंचकर्म पद्धति से गंभीर बीमारियों का उपचार सहित सामान्य बीमारियों की जांच एवं उपचार की व्यवस्था की गई है। आयुर्वेद पद्धति प्राचीन पद्धति है और इस पद्धति से उपचार धीरे-धीरे होकर जड़ से समाप्त करने की दिशा में भी कारगर साबित हो सकती है। इस पद्धति से उपचार कराकर बीमारी से पीड़ित मरीज लाभ उठा सकते हैं। शासन द्वारा लोगों की स्वास्थ्य सुविधाओं का ध्यान रखकर समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है। इसके अलावा जिला अस्पताल सहित अन्य अस्पतालों में आयुर्वेद पद्धति से उपचार की जाती है। आम नागरिकों को ऐसे शिविर तथा उपचार का लाभ उठाना चाहिए। कलेक्टर श्री वसंत ने स्वस्थ जीवन के लिए जीवन शैली में सुधार करने तथा खान-पान में भी उचित ध्यान देने की आवश्यकता बताई है। उन्होंने आयुर्वेद विभाग द्वारा आयोजित शिविर की सराहना करते हुए सभी की स्वस्थ जीवन की कामना की है। इस दौरान कलेक्टर ने आयुष मेला में संचालित विभिन्न गतिविधियां जड़ी-बूटी, औषधि युक्त पौधे की प्रदर्शनी, औषधि वितरण कक्ष, पंजीयन कक्ष, क्षार सूत्र चिकित्सा केंद्र, पंचकर्म चिकित्सा केंद्र तथा होम्योपैथी चिकित्सा डेस्क का अवलोकन किया।

डॉ. राजकुमार ने बताया कि आयुष मेले में कुल 1140 मरीजों का आयुष पद्धति से उपचार किया गया। जिसमें से 60 मरीजों का पंचकर्म चिकित्सा, 205 मरीजों का होम्योपैथी चिकित्सा, क्षार सूत्र पद्धति से 28 मरीज एवं प्रॉक्टोस्कोप द्वारा परीक्षण किया गया। 213 मरीजों का खून की जांच की गई। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में श्री रजनीश देवांगन एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री राजीव सिंह, निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई, आदि उपस्थित रहे।

## 2345 विद्यार्थियों को किया गया जाति प्रमाण-पत्र का वितरण

-संवाददाता-
कोरबा,21 सितम्बर 2024
(घटती-घटना)।



कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अजीत बसंत के निर्देशानुसार शासकीय विद्यालयों में कक्षा पहली से 12 वीं तक अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र बनाये जाने हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा0) श्री रोहित सिंह के मार्गदर्शन में 20 सितंबर को शिक्षा विभाग एवं राजस्व विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विकास खण्ड कटघोरा के 13 केन्द्रों में वृहद् जाति प्रमाण पत्र बनाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 3987 आवेदन पूर्ण किए गए जिसे ऑनलाइन पोर्टल में प्रविष्टि करने की कार्यवही प्रक्रियाधीन है। साथ ही पूर्व में जारी किए गए 2345 जाति प्रमाण पत्र शिविर स्थल पर ही संबंधित विद्यार्थियों को प्रदान किये गये। शिविर के माध्यम से जाति प्रमाणपत्र आसानी से बन जाने से विद्यार्थियों के अभिभावकों ने खुशी जताई है।इस शिविर में कटघोरा विकासखण्ड के सभी संकुलों को अभिभावकों के सुविधा के दृष्टि से 13 जोन में विभाजित किया गया था। शिविर में अध्ययनरत विद्यार्थियों के पालक गण उपस्थित हुये, जिनका जाति प्रमाण पत्र किसी कारण से पूर्व में नहीं बन पाया था। इनके अंतर्गत आने वाले पटवारी हल्का एवं उनके सारे कर्मचारियों ने जाति प्रमाण पत्र हेतु प्राप्त आवेदनों में अपने स्तर से दिये जाने वाले समस्त दस्तावेजों को उपलब्ध कराया। पालकों में प्रमाणपत्र बनवाने हेतु अत्याधिक उत्साह देखा गया। शिविर में कुल 3987 आवेदन पूर्ण किये गये जिसे ऑनलाइन पोर्टल में प्रविष्टि की जायेगी । साथ ही पूर्व में जारी किये गये 2345 जाति प्रमाण पत्र शिविर स्थल पर ही संबंधित विद्यार्थियों को प्रदान किये गये। कलेक्टर के द्वारा दिये गये इस शिविर की सुविधा का लाभ उपस्थित अभिभावकों में सराहना करते हुये इस प्रयास के लिये धन्यवाद दिया।

## 30 सितंबर तक मनाया जायेगा आयुष्मान पखवाड़ा दिवस

-संवाददाता-
बलरामपुर,21 सितम्बर 2024
(घटती-घटना)।




आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्या योजना एवं शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के अन्तर्गत जिले में 20 से 30 सितंबर तक आयुष्मान पखवाड़ा दिवस का आयोजन किया जा रहा है।पखवाडे में जिले के छुटे हुये समस्त पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन किया जायेगा।साथ ही जिले के समस्त विकासखण्डो में विशेष शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया जा रहा है साथ ही समस्त जिले उत्कृष्ट कार्य कर रहे चिन्हांकित शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों को जिला स्तर पर सम्मानित भी किया जायेगा। इसी क्रम में प्रत्येक विकासखण्ड के चिन्हांकित शासकीय विद्यालयों में 23 सितम्बर 2024 को सायकल रैली एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु समस्त शासकीय चिकित्सालयों में योजना के तहत फ्लेक्स, बैनर, होर्डिंग आदि भी लगवाया गया है।जिसके माध्यम से सूचना जन जन तक पहुंच सके।


**कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक**
**जिला-सूरजपुर, छत्तीसगढ़**

क्रमांक :3598/कं.सा.नि./अ0प्र0/2024 सूरजपुर दिनांक 18.09.2024

**//निविदा-प्रपत्र//**

जिला चिकित्सालय सूरजपुर,जिला-सूरजपुर छ0ग0 में कंडम सामग्री नीलामी हेतु निविदा

जिला चिकित्सालय सूरजपुर के निष्प्रयोजन सामग्री का,जहां है एवं जिस स्थिति में है, की नीलामी किए जाने हेतु मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। नीलामी किए जाने वाली सामग्री का अवलोकन कार्यालयीन समय में जिला चिकित्सालय के भण्डार कक्ष से किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र क्रय किए जाने पर अनुपयोगी सामग्री की सूची निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध कराया जावेगा।
निविदा के संबंध में विवरण निम्नानुसार है:-

| | |
|---|---|
| निविदा कार्य | जिला चिकित्सालय सूरजपुर छ0ग0 में रखे अनुपयोगी सामगी के नीलामी |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य | रूपए 500.00(पांच सौ रूपए) नगद देय एवं वापसी योग्य नहीं |
| निविदा फार्म की विक्रय की अंतिम तिथि | दिनांक 07.10.2024 सायं 5.00 बजे तक |
| निविदा फार्म जमा करने हेतु निर्धारित तिथि एवं समय | दिनांक 09.10.2024 दोपहर 5.30 बजे तक (केवल रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट के माध्यम से कार्यालय में जमा करें। सीधे निविदा स्वीकार नहीं किए जाएंगे) |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 10.10.2024 को प्रातः 10:30 बजे तक |
| निविदा धरोहर राशि | रूपए 5000.00(पांच हजार रूपए मात्र) का बैंकर चेक/ डिमांड ड्राफ्ट राष्ट्रीयकृत बैंक का सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला सूरजपुर छ0ग0 के नाम से देय। |
| निविदा प्राप्त करने एवं जमा करने हेतु निर्धारित स्थान | कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक,जिला चिकित्सालय सूरजपुर,जिला-सूरजपुर छ0ग0। (प्रथम तल कक्ष क्रं. 100 बी) |

नोटः-निविदा की शर्तों से संबंधित समस्त जानकारी सूरजपुर जिले के वेबसाईट www.surajpur.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पटल पर भी अवलोकन की जा सकती है।

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला-सूरजपुर (छत्तीसगढ़)

जी.नंबर-242502613/1



**कार्यालय वनमण्लाधिकारी(सा0) मनेन्द्रगढ़ वनमंडल(छ0ग0)**

**नीलाम विज्ञापन**

सामान्य सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल के काष्ठागार जनकपुर में दिनांक 27-09-2024 को नया पुराना सागौन, साल ईमारती काष्ठ/ जलाऊ चट्टा का अधोलिखित विवरण के अनुसार प्रातः 10:00 बजे से नीलाम किया जाना प्रस्तावित है। इच्छुक व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे नीलाम में भाग लेवें। नीलाम शर्त एवं जानकारी कार्यालय से अथवा नीलाम स्थान से प्राप्त किया जा सकता है।

क्रेताओं को सलाह दी जाती है कि बोली बोलने के पूर्व लॉट का भली-भांति निरीक्षण कर लेवें तथा संतुष्टि उपरांत ही बोली लगावें। नीलाम के समय घोषित मात्रा सही व अंतिम रूप से मान्य होगी।

| क्रं. | प्रजाति | नए अविक्रित काष्ठ | | पुराने अविक्रित काष्ठ | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा | बल्ली | लट्ठा | | बल्ली | |
| | | नग | घ0मी0 | नग | घ0मी0 | नग | घ0मी0 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सागौन | 0.000 | 0 | 832 | 55.210 | 1064 | 17.275 |
| 2 | साल | 350.000 | 450 | 4261 | 330.267 | 1206 | 34.525 |
| 3 | बीजा | 0.000 | 0 | 4 | 0.337 | 4 | 0.205 |
| | **योग** | **350.000** | **450** | **5097** | **385.814** | **2274** | **52.005** |
| 4 | मिश्रित जलाऊ | 350 चट्टा नया | | | | | |
| 5 | सागौन जलाऊ | | | | | | |

टीपः-1. ईमारती काष्ठ की नीलामी पहले 10.00 बजे प्रातःमें की जावेगी तत्पश्चात जलाऊ चट्टों की नीलामी की जावेगी।
2. छत्तीसगढ़ राज्य के किसी भी वनमंडल का पंजीकृत ठेकेदार ही नीलाम में भाग ले सकेंगे।
3. समस्त क्रेता को आयकर पेन कार्ड,वाणिज्य कर का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन एवं छ.ग. राज्य के किसी वनमंडल का वर्ष 2023 के व्यापारी का रजिस्ट्रेशन की प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
4. कृपया क्रेता ईमारती एवं जलाऊ का ई.एम.डी. राशि का अलग-अलग चेक देवें।

जी.नंबर-242502609/3

वनमण्डलाधिकारी
मनेन्द्रगढ़,वनमण्डल मनेन्द्रगढ़



**न्यायालय लिंक कोर्ट देवनगर तहसील रामानुजनगर जिला सूरजपुर.छ0ग0**

रा.प्र.क्र. ब 121/ 2021-22-2024

**ईश्तहार**

ग्राम पंपापुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक विजयलाल आ0 बहोरन जाति तेली निवासी ग्राम पंपापुर लिंक कोर्ट देवनगर तहसील रामानुजनगर जिला सूरजपुर,छ0ग0 के द्वारा आवेदक पंपापुर अपने पिता स्व0 बहोरन का विलम्ब मृत्यु प्रमाण पत्र पंजीयन कराने बावत अनुप्लब्धता प्रमाण पत्र मय अन्य सहायक दस्तावेज के साथ न्यायालय में आवेदन एवं पेश किया गया है मृत्यु दिनांक 12/04/2010 ।

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोईआपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिध के माध्यम से दिनांक 02/10/2024 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। उसके पश्चात दावा आपत्ति में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/09 /2024 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया।

नायब तहसीलदार
देवनगर,सूरजपुर



**न्यायालय लिंक कोर्ट देवनगर तहसील रामानुजनगर जिला सूरजपुर.छ0ग0**

रा.प्र.क्र. ब 121/ 2021-22-2024

**ईश्तहार**

ग्राम पंपापुर के आम जनता को सूचित किया जाता हैकि आवेदक विजयलाल आ0 बहोरन जाति तेली निवासी ग्राम पंपापुर लिंक कोर्ट देवनगर तहसील रामानुजनगर जिला सूरजपुर,छ0ग0 के द्वारा आवेदक पंपापुर अपने माता स्व0 सुखमनिया का विलम्ब मृत्यु प्रमाण पत्र पंजीयन कराने बावत अनुप्लब्धता प्रमाण पत्र मय अन्य सहायक दस्तावेज के साथ न्यायालय में आवेदन एवं पेश किया गया है मृत्यु दिनांक 22/04/2017 ।

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोईआपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिध के माध्चयम से दिनांक 02/10/2024 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। उसके पश्चात दावा आपत्ति में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/09 /2024 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया।

सील

नायब तहसीलदार
देवनगर,सूरजपुर



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0) भैयाथान, जिला सूरजपुर.छ0ग0**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0 /अ-2/2023-24

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम पंचायत धूर को सूचित किया जाता है कि श्री राजपाल साहू पिता श्री स्व0 रामखेलावन निवासी धूर के द्वारा अपने स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नं0 1210 रकबा 0.100 हे0 में से 0.06 हे0 जो ग्राम धूर प0ह0नं0 9 रा0नि0मं0 शिवप्रसादनगर तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर में स्थित है के आवासीय भू-परिवर्तन (डायवर्सन) हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में ग्राम पंचायत क्षे0 धूर के किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से प्रकरण में नियत दिनांक 04/10/2024 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। नियम तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया है।

सील

अनुविभागीय अधिकारी
(रा0) भैयाथान जिला-सूरजपुर (छ0ग0)



**न्यायालय नजूल अधिकारी सूरजपुर, जिला-सूरजपुर.छत्तीसगढ़**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0 /......

आगामी तिथि 4/10/2024

इस सार्वजनिक ईश्तहार के जरिये सर्व साधारण आम जनता/संस्था/विभाग को एतद् द्वार सूचित किया जाता है कि आवेदक रामजी साहू आ0 जोखनलाल साहू उम्र लगभग 43 वर्ष वर्ष, जाति तेली, निवासी ग्राम पर्री, तहसील व जिला सूरजपुर,छ0ग0 द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर नगर सूरजपुर स्थित भूमि खसरा नम्बर 1965/1 रकबा 900 वर्गफीट का नामांतरण पंजीबद्ध विक्रय पत्र दिनांक 10/07/2024 के आधार पर किये जाने का अनुरोध किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन लंबित है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/विभाग को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं अपना अपने अभिभाषक/लीगल एजेंट के माध्यम से अपना दावा/आपत्ति दिनांक 04/10/2024 को न्यायलयीन अवधि में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति के संबंध में कोईविचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 18/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी

सील

नजूल अधिकारी
सूरजपुर



**न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील जरही, तहसील-प्रतापपुर, जिला-सूरजपुर.छत्तीसगढ़**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदिका सावित्री देवी आ0 मोहन राम जाति चमार निवासी ग्राम पंचायत श्यामनगर उप तहसील-जरही, तहसील- प्रतापपुर, जिला-सूरजपुर,छ0ग0 द्वारा अपने स्वयं सावित्री देवी आ0 मोहन राम का जन्म दिनांक 02/09/1975 को जन्म ग्रम पंचायत श्यामनगर में घर पर होने का लेख कर जन्म प्रमाण पत्र बावत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः इसमें किसी को कोई आपत्ति हो तो, वह अपनी लिखित दावा आपत्ति दिनांक 07/10/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है, अन्यथा बाद में प्राप्त दावा आपत्ति मान्य नहीं किया जायेगा। ग्राम कोटवार से मुनादी कराया जावें।

यह उद् घोषणा मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 20/09/2024 जारी किया गया।

सील

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
जरही,तहसील-प्रतापपुर



**न्यायालय नायब तहसीलदर तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर.छ0ग0**

रा.प्र.क्र. ब/121
ग्रा- प0ह0न0

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अमरनाथ पिता स्व0 बहाल जाति गोड़ निवासी ग्राम शिवप्रसादनगर प0ह0नं0 8 रा0नि0मं0 भैयाथान तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर, छ0ग0 द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पुत्र शिवा का जन्म दिनांक 22/08/2010 को ग्राम शिवप्रसादनगर में हुई है, अज्ञानतावश जन्म पंजीयन नहीं करा पाया है। आवेदक अपने पुत्र शिवा का जन्म प्रमाण का जन्म पंजीयन हेतु ग्रम पंचायत शिवप्रसादनगर को आदेशित करने आवेदन पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 5/10/24 तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथी के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं कया जावेगा।

आज दिनांक 20/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील

नायब तहसीलदार
तहसील भैयाथान

# भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को दी 7 विकेट से मात

### सीरीज में ली 1-0 की बढ़त

**नई दिल्ली, 21 सितम्बर 2024।** भारतीय अंडर 19 और ऑस्ट्रेलिया की अंडर 19 टीम के बीच आज से तीन मैचों की यूथ वनडे सीरीज का आगाज हुआ जिसका पहला मुकाबला पुडुचेरी के मैदान पर खेला गया। इस मैच में पूरी तरह से भारतीय अंडर 19 टीम का दबदबा देखने को मिला जिसमें पहले गेंदबाजों ने अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर ऑस्ट्रेलियाई टीम को सिर्फ 184 रनों के स्कोर पर समेट दिया। वहीं इसके बाद उन्होंने टारगेट को सिर्फ 36 ओवर्स में 3 विकेट के नुकसान पर हासिल करने के साथ इस सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। टीम इंडिया की तरफ से इस मुकाबले में बल्ले से केपी कार्तिकेय और मोहम्मद अमान के बल्ले से नाबाद अर्धशतकीय पारी देखने को मिली।



### केपी कार्तिकेय और मोहम्मद अमान ने पारी संभालने के साथ जीत दिलाकर लौटे वापस

ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 टीम के खिलाफ 185 रनों के टारगेट का पीछा करने उतरी भारतीय अंडर 19 टीम की शुरुआत काफी खराब देखने को मिली जिसमें उन्होंने 10 के स्कोर पर अपना पहला विकेट साहिल प्रकाश के रूप में गंवा दिया। वहीं इसके बाद 17 के स्कोर पर रुद्र पटेल और 32 के स्कोर पर अभिज्ञान कुंदू भी पवेलियन लौट गए। टीम इंडिया यहां से साफ तौर पर दबाव में दिख रही थी, जिसके बाद कप्तान मोहम्मद अमान ने केपी कार्तिकेय के साथ मिलकर पहले पारी को संभाला और स्कोर को आगे बढ़ाते हुए उसे 100 के पार पहुंचाया। दोनों ने मिलकर ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को विकेट लेने का कोई चांस नहीं दिया, जिसमें उनके बीच चौथे विकेट के लिए 153 रनों की साझेदारी देखने को मिली। कुमार कार्तिकेय ने 99 गेंदों का सामना करते हुए नाबाद 85 रन बनाए जिसमें 9 चौके और 2 छक्के शामिल थे। वहीं कप्तान मोहम्मद अमान ने 89 गेंदों का सामना करते हुए 5 चौके की मदद से नाबाद 58 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से गेंदबाजी में ओली पेटर्सन ने 2 जबकि आइडन ओ कोनोर ने एक विकेट लिया।

### मोहम्मद एनान की गेंदों का ऑस्ट्रेलिया के पास नहीं था जवाब

इस मैच में भारतीय अंडर 19 टीम की गेंदबाजी को लेकर बात की जाए तो उसमें मोहम्मद एनान का गेंद से कमाल देखने को मिला जिसमें उन्होंने अपने 10 ओवर्स की गेंदबाजी में सिर्फ 32 रन देने के साथ 4 विकेट हासिल किए। इसके अलावा केपी कार्तिकेय ने 2 जबकि समर्थ नागराज, चेतन शर्मा, हार्दिक राज, किरण चोरमले ने 1-1 विकेट हासिल किया। ऑस्ट्रेलियाई टीम की बल्लेबाजी में स्टीवन हॉगन ने 42 रनों की पारी खेली।



# अफगानिस्तान ने रचा इतिहास

### » वनडे सीरीज में द.अफ्रीका को हराकर बनाई अजेय बढ़त

**शारजाह, 21 सितम्बर 2024।** स्पिनर राशिद खान की फिरकी और सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज की शतकीय पारी के दम पर अफगानिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बनाने के साथ एक नया इतिहास रचा। शुक्रवार 20 सितंबर को अफगानिस्तान के दिग्गज स्पिनर राशिद खान का जन्मदिन था। इस खास मौके पर उन्होंने टीम को 177 रनों की बड़ी जीत दिलाई। ये अफगानिस्तान की वनडे में रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत है, जिसने जिम्बाब्वे के खिलाफ पिछली सर्वश्रेष्ठ 154 रनों की जीत को पीछे छोड़ दिया।

मैच की बात करे तो अफगानिस्तान ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज के तेजतर्रार शतक, रहमत शाह (50) और अजमतुल्लाह उमरजई (नाबाद 86) के अर्धशतकों की बदौलत 50 ओवरों में 311/4 का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया।

जवाब में इसका पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीकी टीम 34.2 ओवर में मात्र 134 रन पर सिमट गई। कप्तान तेम्बा बावुमा ने टोनी डी जॉर्जी के साथ 73 रन की मजबूत ओपनिंग पार्टनरशिप की। लेकिन कप्तान के आउट होने के बाद विकेट की झड़ी लग गई। हाल ये रहा कि दक्षिण अफ्रीका ने 61 रन बनाने में अपने सभी 10 विकेट गंवा दिए। राशिद खान ने घातक गेंदबाजी करते हुए मात्र 19 रन देकर पांच विकेट झटके।

इसी के साथ अफगानिस्तान ने तीन मैचों की वनडे सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। सीरीज का आखिरी मैच रविवार (22 सितंबर) को खेला जाएगा।

# रिकी पोंटिंग ने क्यों छोड़ी दिल्ली कैपिटल्स की टीम?

**मेलबर्न, 21 सितम्बर 2024।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग ने 2018 से 2024 तक सात सीजन के कार्यकाल के बाद दिल्ली कैपिटल्स से अलग होने के बाद आईपीएल में अपने अगले संगठन को तय करने में ज्यादा समय नहीं लगाया। पोंटिंग ने पंजाब किंग्स के साथ चार साल का कॉन्ट्रेक्ट किया है, जो फ्रेंचाइजी के इतिहास में सबसे लंबा है, क्योंकि पंजाब किंग्स के लिए दिल्ली कैपिटल्स के पूर्व मुख्य कोच से पहले 10 कोच काम कर चुके हैं। बता दें कि पोंटिंग बतौर कोच वाशिंगटन फ्रीडम के साथ मेजर लीग क्रिकेट जीतकर आ रहे हैं। वहीं आईपीएल 2025 के लिए मेगा ऑक्शन किए जाने हैं इसलिए यह उनके लिए अच्छा रहेगा और यह उन्हें नए सिरे से शुरुआत करने का मौका देगा।



### पोंटिंग ने कही ये बात

पोंटिंग ने माना कि कैपिटल्स से अलग होने के बाद उन्हें प्रोजेक्ट पंजाब ने काफी आकर्षित किया, क्योंकि उन्हें कुछ और ऑफर मिले थे। उन्होंने ईएसपीएन क्रिकइंफो कहा कि हां, मैं कुछ टीमों से बात कर रहा था, लेकिन यह प्रोजेक्ट पंजाब था जिसने मुझे आकर्षित किया। यह एक ऐसी टीम है जिसे लंबे समय से बहुत ज्यादा सफलता नहीं मिली है, एक ऐसी टीम जिसने कोच बहुत बदले हैं, इसलिए मैंने इसे एक चुनौती के रूप में देखा।

### पंजाब किंग्स को क्यों चुना


पोंटिंग ने कहा कि वह पिछले सीजन में पंजाब की टीम के कुछ युवा खिलाड़ियों से प्रभावित थे और किंग्स के साथ चार सीजन के करार के साथ उन्हें खिताब जीतने की उम्मीद है, जो वह कैपिटल्स के साथ सात साल में नहीं कर सके। जाहिर है कि यही एक कारण था कि उन्हें कोच के रूप में बरकरार नहीं रखा गया क्योंकि कैपिटल्स सात में से तीन सीजन में प्लेऑफ में पहुंची थी जिसमें 2020 में फाइनल भी शामिल है, लेकिन पोंटिंग ने खुलासा किया कि यह एकमात्र कारण नहीं था।पोंटिंग ने कहा कि इस साल मैंने एक बात पर गौर किया है कि बहुत सी आईपीएल फ्रैंचाइजी, क्योंकि अब उनके पास ज्यादातर टी20 लीग में बहुत सी टीमें हैं, वे लगभग पुराने कोचिंग स्टाफ रखना चाहती हैं, यही एक ऐसी चीज थी जिसकी वजह से मैं डीसी के साथ परेशानी में पड़ गया। वे ज्यादा समय चाहते थे और साल के ज्यादातर समय के लिए मैदान पर भारत से आए कोच को रखना चाहते थे। मैं इसके लिए प्रतिबद्ध नहीं हो सका। ऐसा लगता है कि बहुत सी टीमें इसी तरह आगे बढ़ रही हैं और यह बिल्कुल सही है।

# बीजीटी में विराट-रोहित नहीं बल्कि जायसवाल और शुभमन गिल लिए बनेगा खास प्लान



**मेलबर्न, 21 सितम्बर 2024।** भारतीय टीम इस समय चेन्नई में बांग्लादेश के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला खेल रही है। टीम इंडिया ने बांग्लादेश को 149 रनों पर समेट कर पहले टेस्ट मैच में अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। इस सीरीज में भारत की जीत लगभग तय नजर आ रही है लेकिन इस साल ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खेली जाने वाली बॉर्डर-गावस्कर सीरीज भारतीय टीम के लिए मुश्किल होने वाली । दरअसल, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 का आगाज होने में 2 महीने का समय बाकी है लेकिन ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी अभी से ही भारतीय टीम पर मानसिक दबाव की कोशिश में लगे हैं। हाल ही में नाथन लियोन और स्टीव स्मिथ ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी पर बड़ा बयान दिया था। अब इस सीरीज को लेकर ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड का बड़ा बयान सामने आया है जिसमें उन्होंने अपनी टीम की रणनीति को लेकर बड़ा खुलासा किया है।हेजलवुड ने स्टार स्पोर्ट्स के साथ खास बातचीत में कहा है कि इस बार ऑस्ट्रेलियन टीम की रणनीति शायद उन नए खिलाड़ियों पर अधिक केंद्रित होगी, जिनके खिलाफ उनकी टीम ने ज्यादा टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है। जैसे जायसवाल और यहां तक कि शुभमन गिल।

## संक्षिप्त खेल की खबरें



### एम्मा राडुकानू पैर की चोट के कारण क्वार्टर फाइनल से रिटायर

**सोल, 21 सितम्बर 2024।** ब्रिटिश टेनिस स्टार एम्मा राडुकानू को लगातार पैर की चोट के कारण शीर्ष वरीयता प्राप्त रूस की डारिया कसात्किना के खिलाफ कोरिया ओपन के क्वार्टर फाइनल से रिटायर होने के लिए मजबूर होना पड़ा। 21 वर्षीय खिलाड़ी, जिसने यू युआन के खिलाफ अपने पिछले मैच में असुविधा के लक्षण दिखाए थे, विश्व नंबर 13 के खिलाफ शुरू से ही संघर्ष करती रही। पहले सेट के पांचवें गेम के बाद राडुकानू को मेडिकल टाइमआउट की आवश्यकता थी, लेकिन खेल जारी रखने के प्रयासों के बावजूद उन्होंने शुरुआती सेट 6-1 से हारने के बाद अंततः रिटायर होने का फैसला किया। चोट से उबरना बहुत मुश्किल साबित हुआ, जिससे सोल में उनका अभियान छोटा हो गया।

### शाकिब अल हसन बने सबसे उम्रदराज बांग्लादेशी टेस्ट क्रिकेटर



**चेन्नई, 21 सितम्बर 2024।** भारत और बांग्लादेश के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला रोमांचक नजर आ रहा है। दोनों ही टीमों के गेंदबाजों को पिच से खूब मदद मिल रही है, लेकिन भारतीय बल्लेबाजों ने भी दमखम दिखाया और मैच में पकड़ मजबूत रखी। इस बीच शाकिब अल हसन के नाम एक खास रिकॉर्ड दर्ज हुआ। शनिवार को बांग्लादेश क्रिकेट इतिहास में अनुभवी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने अपना नाम दर्ज करा लिया। वह टेस्ट मैच खेलने वाले अपने देश के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए।

# हरमनप्रीत सिंह एफआईएच वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार की दौड़ में

**नई दिल्ली, 21 सितम्बर 2024।** पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को शनिवार को एफआईएच वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के लिये नामांकित किया गया। 28 वर्ष के ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत ने पेरिस ओलंपिक में आठ मैचों में दस गोल किये थे। वह 2020 और 2022 में लगातार दो बार पुरस्कार जीत चुके हैं।



हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में उन्होंने कहा ,'' एफआईएच वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार की दौड़ में एक बार फिर शामिल होना गर्व की बात है।'' उन्होंने कहा ,'' मुझे खुशी है कि दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ मुझे नामांकन मिला है। लेकिन यह मेरी टीम के सहयोग के बिना संभव नहीं था। मैं एफआईएच प्रो लीग और पेरिस ओलंपिक में भी इतने गोल इसलिये कर सका क्योंकि टीम ने गोल करने के मौके बनाये।''हरमनप्रीत के अलावा नीदरलैंड के थियरी ब्रिंकमैन और योएप डि मोल, जर्मनी के हानेस म्यूलेर और इंग्लैंड के जाक वालास भी दौड़ में हैं। इसके लिये 2024 में हुए सभी मैचों को गिना जायेगा जिसमें टेस्ट मैच, एफआईएच हॉकी प्रो लीग, एफआईएच हॉकी नेशंस कप, ओलंपिक क्वालीफायर और ओलंपिक शामिल है।

हरमनप्रीत ने कहा ,'' पेरिस ओलंपिक अभी तक मेरे कैरियर की सबसे बड़ी उपलब्धि है। टीम ने हमेशा मेरा साथ दिया, खासकर पिछले साल विश्व कप में जब मैं एक भी गोल नहीं कर सका था। लेकिन टीम ने मुझे दोष नहीं दिया। मेरे दिमाग में हमेशा से था कि टीम के भरोसे पर खरा उतरना है।'' भारतीय टीम ने हाल ही में चीन में एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी भी जीती है। हरमनप्रीत सात गोल करके प्लेयर आफ द टूर्नामेंट रहे। पुरस्कार के लिये मतदान 11 अक्टूबर तक होगा।

# 6 साल बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करेंगे हार्दिक पंड्या

### रणजी ट्रॉफी में खेलते हुए आ सकते हैं नजर

**नई दिल्ली, 21 सितम्बर 2024।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 23 नवंबर 2024 से पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का आगाज होगा। इस सीरीज में टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या टेस्ट में वापसी कर सकते हैं। हार्दिक पंड्या ने आखिरी बार 6 साल पहले टेस्ट मैच खेला था। चोटों से परेशान, भारत के टॉप ऑलराउंडर मुख्य रूप से सफेद गेंद के फॉर्मेट के खिलाड़ी रहे हैं, लेकिन अब गौतम गंभीर के नए युग में हार्दिक पंड्या लाल गेंद के क्रिकेट में वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वहीं कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार, पंड्या रणजी ट्रॉफी की तैयारी कर रहे हैं और उन्हें ऑस्ट्रेलिया परिस्थितियों को देखते हुए बहुप्रतीक्षित बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए चुना जा सकता है। फिलहाल भारतीय क्रिकेट टीम बांग्लादेश के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज खेल रही है। जिसके बाद टीम इंडिया न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। फिर इसके बाद बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी खेली जाएगी। ऑस्ट्रेलिया की सरजमीं पर खेली जाने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या का शामिल होना बेहद अहम हो सकता है।



# गुलशन ग्रोवर बर्थडेः कई दिनों तक भूखे पेट सोना पड़ा बैडमैन को

बॉलीवुड जगत के एक ऐसे अभिनेता जो बैड मैन के नाम से जाने जाते हैं, उनका नाम किसी पहचान का मोहताज नहीं है, उनकी गिनती फिल्मों में सबसे पॉप्युलर विलन के तौर पर की जाती है। इनका नाम है गुलशन ग्रोवर। उन्होंने अपने खतरनाक किरदारों से फिल्मों में हीरो-हीरोइन को काफी परेशान किया। हालांकि, आज भले वो शहंशाहों वाली जिंदगी जी रहे हों लेकिन एक वक्त ऐसा भी था कि उन्हें कई-कई दिनों तक खाली पेट सोना पड़ा था।

गुलशन ग्रोवर ने बहुत कम मूवीज में पॉजिटिव किरदार निभाए हैं। 90 के दशक में बैड मैन ने अपनी एक्टिंग के दम पर कई बॉलीवुड सितारों को टक्कर दी। बॉलीवुड में इस मुकाम तक पहुंचने के लिए एक्टर को काफी संघर्षों से गुजरना पड़ा था। उनका बचपन काफी तकलीफों से भरा रहा। एक वक्त ऐसा भी आया कि जब उन्हें स्कूल की फीस भरने के लिए सामान बेचना पड़ा था।



### बचपन से ही एक्टिंग का शौक था

गुलशन ग्रोवर का जन्म 21 सितंबर 1955 में राजधानी दिल्ली में हुआ था। उन्होंने अपनी शुरुआती पढ़ाई दिल्ली से ही की थी। उन्हें बचपन से ही एक्टिंग का शौक था। अपने सपने को उड़ान देने के लिए वो मुंबई पहुंचे। यहां उन्होंने एक्टिंग स्कूल में एडमिशन लिया और एक्टिंग की बारिकियों को सीखा। घर-घर जाकर बर्तन और कपड़े धोने का पाउडर बेचा करते एक्टिंग स्कूल के दौरान अनिल कपूर उनके दोस्त बने। गुलशन ग्रोवर पर एक किताब बैड मैन भी लिखी गई है। किताब में इस बात का भी जिक्र है कि वो अपनी स्कूल की फीस भरने के लिए घर-घर जाकर सामान बेचा करते थे। वो अपने स्कूल के बैग में ड्रेस लेकर जाते थे और घर-घर जाकर बर्तन और कपड़े धोने का पाउडर बेचा करते थे।

### परिवारवालों ने काफी मुश्किलों का दौर देखा

उनके परिवारवालों ने काफी मुश्किलों का दौर देखा। लेकिन, आज उनके पास ना तो पैसों की कमी है और ना ही आज वो पहचान का मोहताज है, ये कामयाबी उन्होंने अपनी मेहनत के दम पर हासिल की।

### फिल्म हम पांच से बॉलीवुड में कदम रखा

उन्होंने अपने करियर में अब तक 400 से अधिक फिल्मों में काम किया है। लेकिन, गुलशन ग्रोवर बॉलीवुड फिल्मों में निगेटिव किरदारों के लिए जाने जाते हैं। बैड मैन ने अपने करियर की शुरुआत थिएटर और स्टेज शो से की। साल 1980 में फिल्म हम पांच से बॉलीवुड में कदम रखा।

### गुलशन ग्रोवर हो चुके हैं राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित

गुलशन ग्रोवर ने बॉलीवुड की कई हिट फिल्मों में काम किया है, जिनमें दूध का कर्ज, इज्जत, सौदागर, कुर्बान, राम लखन, इंसाफ कौन करेगा, अवतार, क्रिमनल, मोहरा, हेराफेरी, इंटरनेशनल खिलाड़ी, लज्जा, दिल मांगे मोर, जम्बो, कर्ज, गंगा देवी, एजेंट विनोद शामिल हैं। फिल्म आई एम कला के लिए उन्हें बेस्ट सपोर्टिव एक्टव के राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### दो शादियों के बाद भी अकेले रह गए

गुलशन ग्रोवर की पर्सनल लाइफ की बात करें तो एक्टर दो शादियों के बाद भी अकेले रह गए। उनकी पहली शादी साल 1998 में फिलोमिना से साथ हुई। लेकिन, दोनों की शादी ज्यादा वक्त तक नहीं टिक सकी। सिर्फ तीन साल के बाद ही साल 2001 में गुलशन ग्रोवर और फिलोमिना का तलाक हो गया। दोनों का एक बेटा भी है, जिसका नाम संजय ग्रोवर है। साल 2003 में एक्टर गुलशन ग्रोवर ने दूसरी शादी कशिश से की। कशिश संग उनकी शादी एक साल भी नहीं चल पाई और दोनों का तलाक हो गया।

# अल्लू अर्जुन सर और एनटीआर सर ने आय में मेरे अभिनय की सराहना कीः नयन सारिका



नयन सारिका फिलहाल आय की सफ़लता का लुत्फ़ उठा रही हैं। वह इस बात से रोमांचित हैं कि उनकी भूमिका पल्लवी ने दर्शकों को प्रभावित किया है। अभिनेत्री ने तेलुगु दर्शकों के प्रति अपना प्यार बरसाने के लिए आभार व्यक्त किया। तेलुगु दर्शकों द्वारा इतना प्यार बरसाना देखकर बहुत अच्छा लगा। मैं उनकी बहुत आभारी हूँ और टॉलीवुड में इससे बेहतर शुरुआत की उम्मीद नहीं कर सकती। यह सफ़लता एक सामूहिक प्रयास का नतीजा है, यह मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से बहुत मायने रखती है। नयन सारिका ने कहा मैं प्रतिष्ठित गीता आर्ट्स और निर्देशक अंजी सर को फ़िल्म का हिस्सा बनने का अवसर देने के लिए धन्यवाद देना चाहती हूँ.नयन हमेशा से ही अभिनेत्री बनना चाहती थीं; वह अपने स्कूल और कॉलेज के दौरान नाटकों में सक्रिय थीं। जब उन्हें आय में भूमिका के लिए संपर्क किया गया, तो वह अभिनेत्री बनने के अपने सपने को पूरा करने के लिए उत्साहित थीं। अभिनेत्री ने कहा, नार्ने नितिन और मैंने तैयारी के हिस्से के रूप में शूटिंग से पहले कुछ कार्यशालाएँ और अभ्यास किए हैं। मैंने अपनी तेलुगु के लिए भी प्रशिक्षण प्राप्त किया है, और मेरे कर्मचारियों ने भी मेरी पंक्तियों को सही ढंग से बोलने में मेरी मदद की है। बहुत कम उम्र में अपना करियर शुरू करने वाली नयन अपनी शिक्षा से समझौता नहीं करना चाहती थीं। उन्होंने हमेशा अपनी डिग्री समय पर पूरी करने को प्राथमिकता दी। वास्तव में, उन्होंने आय की शूटिंग के साथ-साथ अपनी अंतिम परीक्षाएँ भी दी। मैं फ़िल्म सेट पर किताबें और अध्ययन सामग्री ले जाती थी। जब मैं आय की शूटिंग कर रही थी, तब मैं अपने अंतिम वर्ष की परीक्षाएँ दे रही थी, इसलिए मैंने एक कारवां में पढ़ाई की, पढ़ाई और फ़िल्मों के बीच संतुलन बनाना वाकई चुनौतीपूर्ण था, वह याद करती हैं।आय की सफलता के एक हिस्से के रूप में, नयन (फिल्म की टीम के साथ) हाल ही में सुपरस्टार अल्लू अर्जुन और जूनियर एनटीआर से मिले। दोनों सितारों ने सफलता पर टीम को बधाई दी, और उनकी तारीफ भी की। जूनियर एनटीआर सर ने कहा कि मैंने अपने किरदार को सहजता से निभाया, और अल्लू अर्जुन सर ने कहा कि उन्हें यह जानकर आश्चर्य हुआ कि मैं दक्षिण भारतीय नहीं हूँ। अल्लू अरविंद सर ने भी कहा कि मेरी आँखें अभिव्यंजक हैं। नयन सारिका ने इतने बड़े सितारों से तारीफ मिलना एक बड़ी मान्यता है।


## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### 13 डिप्टी कलेक्टरों को मिली नई पोस्टिंग




**रायपुर,21 सितम्बर 2024(ए)।** राज्य प्रशासनिक सेवा के डिप्टी कलेक्टर कनिष्ठ श्रेणी के 13 अफसरों को नई पदस्थापना दी गई है। सामान्य प्रशासन महानदी भवन से इस आशय का आदेश जारी कर दिया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग से जारी आदेशानुसार सुश्री सारिका मित्तल सामान्य प्रशासन विभाग को डिप्टी कलेक्टर मुंगेली, शुभव देव सामान्य प्रशासन विभाग से डिप्टी कलेक्टर महासमुंद,सुश्री शिक्षा शर्मा सामान्य प्रशासन विभाग से डिप्टी कलेक्टर सारंगढ़-बिलाईगढ़, पूजा पींचा सामान्य प्रशासन विभाग से डिप्टी कलेक्टर खैरागढ़, छुईखदान, गंडई, मधु गभेल सामान्य प्रशासन विभाग से डिप्टी कलेक्टर सारंगढ़-बिलाईगढ़, देवाशीष कुर्रे सामान्य प्रशासन विभाग से डिप्टी कलेक्टर बलौदाबाजार, भाटापारा, सुश्री भावना साहू सामान्य प्रशासन विभाग से डिप्टी कलेक्टर जांजगीर-चांपा, लोकांश एल्मा सामान्य प्रशासन विभाग से डिप्टी कलेक्टर दंतेवाड़ा, सुश्री रश्मि पोया सामान्य प्रशासन विभाग से डिप्टी कलेक्टर कोण्डागांव, आशीष कुमार सामान्य प्रशासन विभाग से डिप्टी कलेक्टर बालोद, सुमित कुमार ध्रुव सामान्य प्रशासन विभाग से डिप्टी कलेक्टर सुकमा, अभिषेक तंबोली सामान्य प्रशासन विभाग से डिप्टी कलेक्टर बीजापुर भेजे गए हैं।

### शक्कर नहीं देने की शिकायत,राशन दुकान संचालक को जारी हुआ नोटिस



**रायपुर,21 सितम्बर 2024(ए)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में अब एक फोन से समस्या का निराकरण हो रहा है। पंडरी निवासी श्री किरण सागर ने शासकीय राशन दुकान संचालक द्वारा शक्कर आंवटित नहीं किए जाने को लेकर शिकायत की थी। उन्होंने बताया कि वार्ड में संचालित राशन दुकान का संचालक मनमानी करता है। जिसको उसका मन करता है उसी को शक्कर देता है। इसको लेकर उन्होंने कलेक्टोरेट के जन समस्या निवारण कॉल सेंटर में फोन किया। जहां से संबंधित विभाग को मामले की जानकारी दी गई। जिसके संबंधित विभाग ने जांच कर दुकान संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जिसकी जानकारी श्री सागर को दी गई। जिसके बाद उन्होनें प्रसन्न्ता जाहिर की साथ ही मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

### नकली नोट थमाकर ठगी,हैरत में पड़ा व्यापारी




**धमतरी,21 सितम्बर 2024(ए)।** जिले के फरसगांव में किराना दुकान संचालक को एक अज्ञात बदमाश ने 2500 रूपये का चूना लगा दिया। आरोपी ने दुकान संचालक को 500-500 रूपये का खुल्ला देने की बात कही और फिर उसे नकली नोट थामकर मौके से फरार हो गया। इस घटना का एक वीडियो वायरल है जिसमें पीड़ित दुकान संचालक अपनी आपबीती बताते हुए नजर आ रहा है। मामला सिहावा थाना इलाके का है। पीड़ित दुकान संचालक का नाम दयाराम मरकाम है। पीड़ित ने बताया कि आज सुबह एक अनजान व्यक्ति दुकान पर आया और मजदूरों को पैसे देने के बहाने पहले ₹3000 का खुल्ला मांगने लगा। मना करने पर उसने ₹2500 का खुल्ला मांगा। खुल्ला देने के बाद वह पैसे लौटाने में हिचकिचा रहा था। दोबारा कहने पर जब उसने पर्स से पैसे निकाले, तो वह नोटों को छांटने का नाटक करने लगा। आखिर में उसने शर्ट की ऊपरी जेब से पैसे निकालकर उसे दिए और तुरंत मौके से चलता बना।

### गोलगप्पे वाले की हत्या

**बलौदाबाजार,21 सितम्बर 2024(ए)।** जिले के लवन में बीती रात चाकूबाजी की घटना हुई, जिसमें एक युवक की मौत हो गई. घटना के बाद से आरोपी युवक फरार है। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी युवक की तलाश कर रही है। बताया जा रहा कि मृतक गुपचुप बेचकर परिवार का भरणपोषण करता था। मिली जानकारी के अनुसार बीती रात मृतक और आरोपी में कुछ कहासुनी हुई और इस दरम्यान आरोपी युवक ने मृतक के जांघ में चाकू से गहरा आघात किया, जिससे युवक घायल हो गया। भारी मात्रा में खून बह गया गया था. उसे इलाज के लिए चिकित्सालय भेजा गया, जहां उसकी मौत हो गई।



# एसआई अभ्यर्थी फैसले को लेकर हाईकोर्ट पहुंचे



## गृहमंत्री के निवास के बाहर से हटाए गए एसआई भर्ती के अभ्यर्थी

एसआई भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थी रिजल्ट जारी करने को लेकर गृह मंत्री विजय शर्मा के निवास के बाहर शुक्रवार सुबह से धरने पर बैठे थे, जिसे हटाने पुलिस पहुंची। देर रात गृहमंत्री शर्मा अभ्यर्थियों के बीच पहुंचकर 2 सप्ताह में रिजल्ट जारी करने की बात कही थी। इसके बावजूद अभ्यर्थी धरने पर बैठे रहे। आज सुबह बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी अभ्यर्थियों को हटाने पहुंची है । इससे पहले परीक्षार्थियों से 4 सितम्बर को गृह मंत्री विजय शर्मा ने मुलाकात की थी. इस दौरान उन्होंने 15 दिनों के अंदर रिजल्ट जारी करने का आश्वासन दिया था. अभ्यर्थियों ने उम्मीद जताई थी



कि परिणाम अब घोषित किए जाएंगे, लेकिन हर बार की तरह मायूसी ही हाथ आई. रिजल्ट जारी नहीं होने पर फिर गृह मंत्री बंगले के बाहर धरने पर बैठे हैं. धरने पर बैठे एक अभ्यर्थी ने बताया कि 11 दिनों से 22 अभ्यर्थी भूख हड़ताल पर हैं. कुछ लोग तूता धरना स्थल में धरने पर रहे, जिनकी कमजोरी इतनी है कि आने की स्थिति में ही नहीं है. 2 ऐसे भी अभ्यर्थी रहे, जिनकी अनशन से तबियत खराब होने पर प्रशासन जबरदस्ती इलाज के लिए आपताल ले गए. अभ्यर्थी ने कहा, सरकार सुध लेने के लिए तूता तक नहीं जाती. बात सुनने के लिए मंत्री जी नहीं आए इसलिए माता-पिता के साथ यहां आना पड़ा ।

### एसआई अभ्यर्थियों ने आंदोलन स्थगित करने का किया ऐलान



एसआई भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थी रिजल्ट जारी करने की मांग को लेकर अनशन पर बैठे थे। डिप्टी ष्टरूऔर गृहमंत्री विजय शर्मा से मुलाकात के बाद अभ्यर्थियों ने आज अपना अनशन तोड़ दिया है। भूख हड़ताल और अनशन में बैठे अभ्यार्थियों ने कहा कि डिप्टी सीएम शर्मा के दो सप्ताह में रिजल्ट जारी करने के आश्वासन के बाद भूख हड़ताल खत्म की है। अभ्यार्थियों ने कहा कि जैसे आश्वासन दिया गया है उसके अनुसार हमने अपना आंदोलन खत्म कर दिया है। दो सप्ताह के बाद भी अगर हमारी मांग पूरी नहीं होती है तो आगे फिर आंदोलन के लिए मजबूर हो जाएंगे। बता दें कि एसआई भर्ती परीक्षा की प्रक्रिया पूरी हो गई है उसके बाद आज तक रिजल्ट जारी नहीं हुआ है।

थी कि परिणाम अब घोषित किए जाएंगे, लेकिन हर बार की तरह मायूसी ही हाथ आई. रिजल्ट जारी नहीं होने पर फिर गृह मंत्री बंगले के बाहर धरने पर बैठे हैं. धरने पर बैठे एक अभ्यर्थी ने बताया कि 11 दिनों से 22 अभ्यर्थी भूख हड़ताल पर हैं. कुछ लोग तूता धरना स्थल में धरने पर रहे, जिनकी कमजोरी इतनी है कि आने की स्थिति में ही नहीं है. 2 ऐसे भी अभ्यर्थी रहे, जिनकी अनशन से तबियत खराब होने पर प्रशासन जबरदस्ती इलाज के लिए आपताल ले गए. अभ्यर्थी ने कहा, सरकार सुध लेने के लिए तूता तक नहीं जाती. बात सुनने के लिए मंत्री जी नहीं आए इसलिए माता-पिता के साथ यहां आना पड़ा।

### » अब डबल बेंच में होगी सुनवाई

**रायपुर,21 सितम्बर 2024(ए)।** एसआई अभ्यर्थी सिंगल बेंच के फैसले को लेकर पुनः हाईकोर्ट पहुंच गए हैं। जहां डबल बेंच में सुनवाई होगी। पिछली बार हाई कोर्ट ने 90 दिन में रिजल्ट घोषित करने का आदेश दिया था। लेकिन रिजल्ट जारी नही हो सका. दूसरी ओर कुछ अभ्यर्थी सिंगल बेंच के फैसले पर डबल बेंच में सुनवाई के लिए हाई कोर्ट पहुंच गए हैं। उनके वकील मतीन सिद्दीकी ने बताया कि अभ्यर्थियों की ओर से डबल बेंच में सुनवाई हेतु अपील की गई है इससे पहले परीक्षार्थियों से 4 सितम्बर को गृह मंत्री विजय शर्मा ने मुलाकात की थी. इस दौरान उन्होंने 15 दिनों के अंदर रिजल्ट जारी करने का आश्वासन दिया था. अभ्यर्थियों ने उम्मीद जताई

## दुर्ग जेल में बंद आरोपियों से मिलने नाश्ता लेकर पहुंचे गृह मंत्री विजय शर्मा...

# मगर पीड़ितों का बयान लेने जेल पहुंची महिला आयोग अध्यक्ष को अकेले ही जाने दिया गया जेल के अंदर

**दुर्ग,21 सितम्बर 2024 (ए)।** कवर्धा के लोहरीडीह में हुए अग्निकांड को लेकर केंद्रीय जेल दुर्ग में बंद आरोपियों से मुलाकात करने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा पहुंचे। इस मौके पर जिला प्रशासन यहां मौजूद था। ख़ास बात यह रही कि गृहमंत्री अपने साथ आरोपियों के लिए बाकायदा कार्टून के



### जांच करें और बेगुनाहों को छोड़ें

इस मौके पर विजय शर्मा ने पुलिस से कहा कि मामले की गंभीरता से जांच करें और जो दोषी हैं उन पर कार्रवाई करें, वहीं जो भी घटना में शामिल नहीं हैं और इसके प्रमाण भी मौजूद हैं, उन्हें छोड़ें। वही छत्तीसगढ़ बंद को लेकर विजय शर्मा ने कहा कि चेंबर ऑफ कॉमर्स पर सरकार का किसी तरह का कोई दबाव नहीं। भूपेश बघेल जिस तरह लोहारडीह आए थे, उसी तरह उनको बिरनपुर भी जाना था। अभी भूपेश बघेल सिर्फ नेतागिरी और राजनीति कर रहे हैं, घटना वाला गांव हमारा है। हम संभाल लेंगे और अभी भी उनको जाना है, जाएं, लेकिन भूपेश बघेल अपने पुराने दिन भी याद करें, कवर्धा में हमारी भी पिटाई हुई थी, लेकिन उस समय भूपेश बघेल ने किसी का भी तबादला नहीं किया था। भूपेश बघेल सिर्फ और सिर्फ राजनीति कर रहे हैं। कांग्रेस के छत्तीसगढ़ बंद बुलाने पर विजय शर्मा ने कहा कि बन्द की राजनीति नहीं होनी चाहिए।

डिब्बों में नाश्ता लेकर पहुंचे थे। उधर महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक इस घटना को लेकर कथित तौर पर पीड़ित महिलाओं का बयान लेने जब अपनी टीम को लेकर जेल पहुंची तो पहले उन्हें अंदर जाने से रोका गया, बाद में उन्हें अकेले ही जाने दिया गया।

कवर्धा के ग्राम लोहरीडीह में एक युवक की आत्महत्या से उपजे विवाद के बाद संदेहियों के परिवार को आग में झोंक दिया गया। इस घटना में एक की मौत हो गई, वहीं पुलिस की पिटाई से एक युवक की की जान चली गई। पुलिस ने इस घटनाक्रम के दौरान 69 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इन्हीं में शामिल लगभग 33 महिलाएं दुर्ग जेल में बंद हैं। इन्हीं से मिलने गृह मंत्री विजय शर्मा जेल जेल पहुंचे। उनके साथ दुर्ग विधायक गजेन्द्र यादव, अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाडा, जेल डीजी हिमांशु गुप्ता, दुर्ग कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, आईजी रामगोपाल गर्ग, एसपी जितेंद्र शुक्ला भी मौजूद रहे।

#### मामले में सरकार ने कार्यवाही की है

डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि कवर्धा की घटना के बाद बाकायदा पंचनामा हुआ है और कांग्रेस के विधायक भी वहां सामने थे और उनके सामने ही पंचनामा हुआ है। पूरे थाने को बदल दिया गया है। एसपी को बदल दिया गया है। एडिशनल एसपी सस्पेंड किए गए हैं। जांच आयोग बैठाया गया है और इस मामले पर जो भी गुनहगार होगा, उसकी सजा उसे मिलेगी। कवर्धा के पुलिस अधीक्षक अभिषेक पल्लव को हटाने पर विजय शर्मा ने कहा कि अभिषेक पल्लव का एक वीडियो आया, उस वीडियो में यह समझ आया कि उनको अपनी जिम्मेदारी इस ढंग से नहीं निभाना चाहिए था, और कलेक्टर का तो रुटीन ट्रांसफर हुआ है। उस समय जो एडिशनल एसपी की जिम्मेदारी थी, वो भी ठीक से अपनी नहीं निभा सके, उनको सस्पेंड भी किया गया है।

#### महिलाओं ने बताया अपना दर्द

विजय शर्मा ने कहा कि जेल में बंद महिलाओं ने अपना दर्द बताया। और कहा कि उनके बच्चे घर पर हैं, उनकी चिंता हो रही है। मैंने उन्हें सांत्वना दी और बताया कि आज वे गांव में जा रहे हैं। विजय शर्मा ने बताया कि उन्होंने जेलर को अपना मोबाइल नंबर भी दिया है और कहा है कि इनमे से कोई भी महिला अगर अपनी परेशानी को लेकर मुझसे बात करना चाहे तो उनसे मेरी बात कराएं।

### कुल 33 महिलाओं हुई है मारपीट

जेल से महिलाओं से मुलाकात के बाद किरणमयी नायक ने चर्चा करते हुए बताया कि उन्होंने सभी 33 महिलाओं का बयान लिया है। सभी के साथ पुलिस द्वारा पिटाई की गई है और इनके शरीर में आयी चोटों को भी उन्होंने देखा है। किरणमयी ने बताया कि सबसे गंभीर बात तो यह है कि पुलिस की पिटाई से मृत प्रशांत साहू की मां और पत्नी को अभी भी जेल में रखा गया है। वे इस मामले की रिपोर्ट हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश और राजयपाल के सुपुर्द करेंगी।

### बिना सहयोगी के जेल के भीतर गयी महिला आयोग अध्यक्ष

कवर्धा में हुई घटना के बाद आरोपी महिलाओं के साथ पुलिस द्वारा कथित तौर पर की गई मारपीट को छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग ने स्वतः संज्ञान में लिया है। इस मामले में महिला आयोग अध्यक्ष किरणमयी नायक ने पुलिस महानिदेशक, जेल को पत्र लिखकर बताया कि जिस तरह के फुटेज और पीड़ित महिला के बयान आये हैं, उससे लग रहा है कि महिलाओं के साथ पुरुष और महिला पुलिस कर्मियों ने मारपीट की है। इस मामले में इनका बयान लेने के लिए वे 21 सितंबर को दुर्ग जेल पहुंचेंगी। इसी के अनुरूप आयोग अध्यक्ष किरणमयी नायक अपने साथ एक डॉक्टर और महिला वकील को बयान लेने के लिए साथ लेकर जेल परिसर में पहुंची, मगर उन्हें जेल के अंदर जाने से रोका गया। कुछ देर तक चली बहस के बाद जेल अधीक्षक केवल अध्यक्ष को अंदर लेकर जाने को तैयार हुए। इस दौरान जेलर द्वारा कहा गया कि जो भी बयान होगा उसे वे (जेलर) लिख देंगे। आखिरकार किरणमयी नायक को अकेले ही अंदर जाना पड़ा।

### कांग्रेस का बंद सफल रहा, 10 महीनों में बीजेपी सरकार की विफलताएं सामने आई



**रायपुर,21 सितम्बर 2024(ए)।** कवर्धा के लोहारडीह गांव में हुए अग्निकांड मामले में कांग्रेस ने 21 सितंबर को प्रदेश बंद का ऐलान किया था। इस विषय पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रेसवार्ता के दौरान बंद को सफल बताया और मृतक के परिजनों के लिए 50-50 लाख रूपए मुआवजे की मांग की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के दबाव बनाने के बाद विष्णुदेव सरकार को मामले में कार्रवाई करनी पड़ी। कवर्धा के लोहारीडीह अग्निकांड मामले में विष्णुदेव सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि इस घटना के बाद लगातार सरकार की नाकामियां सामने आ रही है। कांग्रेस पार्टी के विधायकगण जब जेल जाकर घटना की वजह से कैद लोगों से जब मिलना चाहा तो उन्हें अनुमति नहीं दी गई।

विष्णुदेव सरकार से यह मांग करता हूं कि प्रशांत साहू को मारी पड़ी, उसके भाई ने बताया कि उसे भी मारा गया और दोनों भाई के शरीर पर गंभीर चोट के निशान है। साथ ही पुलिस ने सबको डंडे, पट्टे, लात-घूंसों से पीटा, जितने लोगों को पीटा गया, सबके शरीर पर चोट के निशान है, इन सभी का मेडिकल टेस्ट होना चाहिए। मामले की न्यायिक जांच होनी चाहिए क्योंकि मजिस्ट्रेट जांच उन्हीं के अधिकारी उनके खिलाफ कैसे करेंगे।

घटना में मृतक प्रशांत साहू के परिवार में एक आठ साल का बच्चा है, शिवप्रसाद के पांच बच्चे हैं और उसकी पत्नी को जेल में डाल दिया गया। इन बच्चों के लिए सरकार ने अब तक कोई व्यवस्था नहीं की है। इतना ही नहीं, इस मामले ऐसे लोगों को जेल में डाला गया है, जिसका इस घटना से कोई लेना-देना नहीं और मृतकों की पत्नी को भी जेल में रखा गया है। सरकार से यह मांग है कि सही गिरफ्तारी हो, किसी भी निर्दोष को जेल में बंद न किया जाए। इस पुलिसिया कार्रवाई से सब ग्रामीण दहशत में है, गांव में कोई बात करने को तैयार नहीं है और पूरा गांव सुनसान पड़ा हुआ है, घरों में ताले लगे हुए है। वह तो प्रशांत की मां ने बेखौफ होकर आवाज उठाई और बताया कि पुलिस ने बर्बरता से उनके बेटे को पीटा है।

राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि घटना के दौरान कौन शामिल थे, अभी कौन गायब है, जो गायब है वह जीवित है कि भी नहीं, इसकी जांच होनी चाहिए। गांव के लोग डरे हुए, घर-घर में ताले लटके हुए है।



# फूड प्वाइजनिंग से दो की मौत

### नुवाखाई की दावत खाने के बाद बिगड़ी थी तबीयत

**तोकापाल,21 सितम्बर 2024(ए)।** दो महिलाओं की मौत से इलाके में सनसनी मच गयी है। मामला जगदलपुर के तोकापाल ब्लाक का है, जहां 2 महिलाओं की मौत के बाद से स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन चौकस हो गया है। जानकारी के मुताबिक प्रथम दृष्टिया ये मौत फूड प्वाइजनिंग से बतायी जा रही है। जानकारी के मुताबिक तोकापाल ब्लाक के भुरसीगुड़ापारा की ये घटना है, जहां मेडिकल टीम रवाना की गई है। तोकापाल बीएमओ डा ऋषभ साव ने बताया है कि स्वास्थ्य विभाग की टीम जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक गांव में नवाखाई का आयोजन किया गया था। इस आयोजन में पूरा गांव शामिल हुआ था। परिजनों के मुताबिक दोनों महिलाओं को सप्ताह भर से फूड प्वाइजनिंग की शिकायत थी, जिसके बाद तबियत दोनों की बिगड़ गयी। फिर दोनों की जान चली गयी। जानकारी के मुताबिक दोनों मृतिका आपस में देवरानी-जेठानी है। गांव में कुछ और लोग भी बीमार हैं, जिन्हें तोकापाल सीएचसी में उपचार के लिए भिजवाया गया है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)